Discover your divinity with us
A/C Showroom
ज्ञान गंगा ॐ मूर्ति माला केन्द्र
उजाला भवन स्टेशन रोड, दुर्ग
0788-4030383, 3293199



भगवान के वस्त्र, श्रृंगार मूर्तियां एवं समस्त पूजन सामग्री संगमरमर व पीतल की मूर्तियां राशि रत्न एवं उपरत्न उपलब्ध

राष्ट्र एवं राज्य के प्रगति पथ पर...

रायपुर एवं दुर्ग से प्रकाशित

# समय दर्शन

ESTD : Since 2011

संस्थापक : स्व. श्रीमती निलिमा खड़तकर

निष्पक्ष निर्भीक ख़बरों के साथ





दुर्ग शहर में सुप्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य
पं. एम.पी. शर्मा/
मो. 8109922001
फीस 251/- मात्र
पता:- श्री दुर्गा ज्योतिष कार्यालय सिकोला भाठा, सब्जी मार्केट के सामने, धमधा नाका, दुर्ग

वर्ष 14, अंक 89 | पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये | दुर्ग, बुधवार 15 जनवरी 2025 | www.samaydarshan.in

## संक्षिप्त समाचार

### उत्तराखंड के पौड़ी में भयानक हादसा, गहरी खाई में गिरी बस,

**पौड़ी।** उत्तराखंड में पौड़ी से सेंट्रल स्कूल जाने वाले मार्ग पर रविवार को एक बस गहरी खाई में गिर गई। घटना में पांच लोगों की जान चली गई और 15 से अधिक अन्य लोग घायल हो गए। राहत एवं बचाव कार्य जारी है। घटना की जानकारी मिलने के बाद आनन-फानन में पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे। प्रशासन की ओर से रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया है। घायलों को बचाने का सिलसिला जारी है। पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को जिला अस्पताल पौड़ी में भर्ती कराया गया है। प्राथमिक जानकारी के अनुसार, निजी बस अनियंत्रित होकर सड़क से करीब 100 मीटर नीचे गिर गई। बस पौड़ी शहर से सेंट्रल स्कूल जाने वाले मार्ग पर सत्याखाल के पास अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। गिरने के बाद वह एक पेड़ से टकराकर रुक गई हालांकि उसके परखच्चे उड़ गए। हादसे के वक्त बस में बड़ी संख्या में यात्री सवार थे। प्रारंभिक जांच के अनुसार, सड़क पर फिसलन और वाहन की तेज रफ्तार को दुर्घटना का कारण माना जा रहा है।

### मुख्यमंत्री नहीं बदलेगा, कुर्सी खाली नहीं- सिद्धारमैया

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने राज्य में सत्ता परिवर्तन की अटकलों पर विराम लगाते हुए कहा कि उनकी कुर्सी खाली नहीं है। उन्होंने इसे अफवाह मात्र बताया। एक कार्यक्रम के दौरान सीएम सिद्धारमैया ने कहा, मीडिया को अफवाहों को हवा देने की बजाय सच दिखाना चाहिए। अभी भी यही चल रहा है कि सिद्धारमैया जाने वाले हैं, अगर सच कहूं तो पार्टी के अंदर कोई मतभेद नहीं है, लेकिन फिर भी रोज यही देखने को मिलता है कि सीएम बदलने वाले हैं। मैं साफ कर दूं कि सीएम बदलने के लिए कुर्सी खाली नहीं है। कुछ नेता साथ में डिनर कर लें तो कहने लगे जाते हैं कि वहां अहम राजनीतिक चर्चा हुई है। टीवी में यह भी दिखाया जाता है कि मंत्रियों ने आपस में क्या बात की, अपने मन से कुछ भी डायलॉग लिखकर वे चलाते रहते हैं जबकि वहां ऐसी कोई चर्चा हुई भी नहीं होती है।

### मोतिहारी में 24 घंटे में 240 फरार आरोपियों के घर पहुंची पुलिस,

**मोतिहारी।** बिहार पुलिस अपराधियों के खिलाफ सख्त रवैया अपनाए हुए है। पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने भी साफ शब्दों में अपराधियों पर लगाम लगाने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान उन्होंने इसके भी संकेत दिए कि पुलिस एनकाउंटर से भी पीछे नहीं हटेगी। पुलिस के सख्त रवैए का असर जिलों में भी दिखना शुरू हो गया है। पूर्वी चंपारण (मोतिहारी) पुलिस पिछले 24 घंटों में करीब 240 फरार अपराधियों के ठिकानों तक पहुंची। यह अभियान सोमवार को भी जारी है। पुलिस इन फरार अपराधियों की संपत्तियों की कुर्की जब्ती करने पहुंच रही है। इस अभियान का नेतृत्व खुद पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात कर रहे हैं।

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के 150 साल पूरे

# भूकंप के लिए चेतावनी प्रणाली विकसित करने की जरूरत

**नयी दिल्ली/ एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को वैज्ञानिकों से भूकंप के लिए चेतावनी प्रणाली विकसित करने की दिशा में काम करने का आग्रह किया और कहा कि मौसम विज्ञान में हुई प्रगति ने देश को प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान को कम करने में मदद की है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के 150 साल पूरे होने के अवसर पर आयोजित एक समारोह को संबोधित करते हुए मोदी ने देश को प्रत्लयेक मौसम और जलवायु का सामना करने के लिए 'स्मार्ट राष्ट्र' बनाने के मकसद से 'मिशन मौसम' की शुरुआत की। मोदी ने कहा कि हर तरह की जलवायु का सामना करने के लिए भारत एक 'स्मार्ट राष्ट्र' बने, इसके लिए हमने 'मिशन मौसम' शुरू किया है। उन्होंने कहा, ''मिशन मौसम टिकाऊ भविष्य और भविष्य की तैयारियों को लेकर भारत की प्रतिबद्धता का भी प्रतीक है।'' 'मिशन मौसम' का लक्ष्य अत्याधुनिक मौसम निगरानी तकनीक और सिस्टम विकसित करके, उच्च-रिज़ॉल्यूशन वायुमंडलीय अवलोकन, अगली पीढ़ी के रडार और उपग्रहों एवं उच्च-प्रदर्शन कंप्यूटरों का इस्तेमाल करते हुए उच्लच स्लतरीय क्षमता को हासिल करना है। यह मौसम और जलवायु प्रक्रियाओं की समझ को बेहतर बनाने, वायु गुणवत्ता डेटा प्रदान करने पर भी ध्यान केंद्रित करेगा जो लंबे समय में मौसम प्रबंधन और हस्तक्षेप की रणनीति बनाने में सहायता प्रदान करेगा। प्रधानमंत्री ने कहा, ''मौसम विज्ञान किसी भी देश की आपदा प्रबंधन क्षमता



के लिए सबसे महत्वपूर्ण समर्थन प्रदान करता है। प्राकृतिक आपदाओं के प्रभाव को कम करने के लिए, हमें मौसम विज्ञान की दक्षता को अधिकतम करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि विज्ञान में प्रगति और इसकी पूरी क्षमता का उपयोग देश की वैश्विक प्रतिष्ठा को आकार देने के लिए आधारशिला के रूप में काम करता है। मोदी ने कहा, ''भूकंप के लिए चेतावनी प्रणाली विकसित करने की जरूरत है और वैज्ञानिकों एवं शोधकर्ताओं को इस दिशा में काम करना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि मौसम विज्ञान प्रौद्योगिकी में प्रगति के कारण भारत की आपदा प्रबंधन क्षमताओं में काफी सुधार हुआ है जो न केवल देश के लिए बल्कि वैश्विक समुदाय के लिए भी फायदेमंद साबित हुई है। मोदी ने कहा, ''आज, हमारी बाढ़ मार्गदर्शन प्रणाली नेपाल, भूटान, बांग्लादेश और श्रीलंका सहित पड़ोसी देशों को भी सूचनाएं दे रही है।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत किसी भी आपदा से प्रभावित अपने पड़ोसी देशों को मदद की पेशकश करने वाला पहला राष्ट्र बनकर उभरा है। राष्ट्रीय राजधानी स्थित भारत मंडपम में आयोजित समारोह में शिरकत करते हुए प्रधानमंत्री ने आईएमडी के 150वें स्थापना दिवस पर एक स्मारक सिक्का और मौसम संबंधी अनुकूलता और जलवायु परिवर्तन अनुकूलन के लिए आईएमडी विज़न-2047 दस्तावेज़ भी जारी किया। इसमें मौसम पूर्वानुमान, मौसम प्रबंधन और जलवायु परिवर्तन शमन की योजनाएं शामिल हैं।

### भविष्य में भारत मौसम की हर परिस्थिति के लिए तैयार.....

मौसम विज्ञान को भारत की स्पेस टेक्नोलॉजी और डिजिटल टेक्नोलॉजी का फायदा मिल रहा है। आज देश के पास अंटार्कटिका में मैत्रेयी और भारती नाम के दो मेट्रोलॉजिकल ऑब्जर्वेटरी हैं। पिछले साल अर्थ और अरुणिका नाम के सुपर कंप्यूटर शुरू किए गए हैं। इससे मौसम विभाग की विश्वसनीयता पहले से ज्यादा बढ़ी है। भविष्य में भारत मौसम की हर परिस्थिति के लिए तैयार रहे। आज हम भारतीय मौसम विभाग के 150 साल सेलिब्रेट कर रहे हैं। ये 150 साल केवल भारतीय मौसम विभाग की यात्रा ही नहीं है। यह हमारे भारत के साइंस और टेक्नोलॉजी के विकास की भी यात्रा है। ढ्डस्ड ने करोड़ों भारतीयों की सेवा की है। 2047 में जब देश आजादी के 100 साल मनाएगा तब भारतीय मौसम विभाग का स्वरूप क्या होगा।

केजरीवाल का आया रिएक्शन

## आतिशी पर दिल्ली पुलिस ने दर्ज की एफआईआर



**नई दिल्ली।** नई दिल्ली जिले के नॉर्थ एवेन्यू थाने में आम आदमी पार्टी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। आरोप है कि आम आदमी पार्टी फर्जी फोटो लगाकर प्रचार कर रही है। दिल्ली पुलिस ने इस मामले की जांच के लिए एक कमेटी गठित की है। वहीं गोविंद पुरी में मुख्यमंत्री आतिशि पर सरकारी वाहन के चुनाव में इस्तेमाल करने पर एफआईआर दर्ज की गई है। सीएम आतिशी पर एफआईआर दर्ज होने पर अरविंद केजरीवाल ने एक्स पर पोस्ट साझा कर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने लिखा कि इनके नेता खुलेआम पैसा बांटते हैं, साड़ी, कंबल, सोने की चैन आदि बांटते हैं। फर्जी वोट बनवाते हैं। फिर भी एक एफआईआर तक दर्ज नहीं होती है। लेकिन मुख्यमंत्री आतिशी के खिलाफ तुरंत एफआईआर हो जाती है। आम आदमी पार्टी पूरे सिस्टम के खिलाफ लड़ रही है।



चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी, नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी और वाइस चीफ ऑफ स्टाफ सुरजीत पुष्कर धारक ने 77वें सेना दिवस से पहले नई दिल्ली में राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

मंत्री संतोष को बिश्नोई के नाम पर धमकी

## इतना नहीं दोगे तो बाबा सिद्दकी जैसा हाल करेंगे

**पटना।** जेल में बंद कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के नाम पर अब नीतीश सरकार के मंत्री मंत्री संतोष सिंह को धमकी दी गई है। श्रम मंत्री से बदमाशों ने कॉल और सोशल मीडिया पर मैसेज भेजकर 30 लाख रुपये की डिमांड की है। इतना ही नहीं रकम नहीं देने पर हत्या की धमकी दी गई है। धमकी देने वाले बदमाश ने खुद को लॉरेंस बिश्नोई बताते हुए कि कहा कि जल्दी से जल्दी 30 लाख रुपये भेज दो। नहीं तो जिस तरह बाबा सिद्दीकी की हत्या हुई, उस तरह तुम्हारा भी हाल होगा। घटना के बाद मंत्री संतोष सिंह ने फौरन बिहार के डीजीपी से इस मामले



की शिकायत की। डीजीपी विनय कुमार ने मामले को गंभीरता से लेते हुए फौरन जांच कर कार्रवाई का आदेश दिया। घटना की जानकारी देते हुए मंत्री संतोष सिंह ने बताया कि दोपहर में लोगों से बातचीत कर रहा था। इस दौरान अनजान नंबर से कॉल आया।

आतंकवाद बंद करे पाकिस्तान नहीं तो होंगे गंभीर परिणाम

## राजनाथ सिंह बोले......बिना पीओके जम्मू कश्मीर अधूरा

**जम्मू/ एजेंसी**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को जम्मू के अखनूर बॉर्डर क्षेत्र में 108 फीट ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज फहराया और एक धरोहर संग्रहालय का उद्घाटन किया। और तांडा आर्टिलरी ब्रिगेड में आयोजित 9वें सशस्त्र बलों के पूर्व सैनिक दिवस कार्यक्रम में भाग लिया। इस संग्रहालय में जम्मू और कश्मीर में विभिन्न युद्धों में इस्तेमाल किए गए हथियारों और युद्ध नायकों की मूर्तियों का प्रदर्शन किया गया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि अतीत में जम्मू और कश्मीर के साथ पिछली



सरकारों द्वारा अलग व्यवहार किया गया, जिसके परिणामस्वरूप इस क्षेत्र के लोग दिल्ली से उस तरह नहीं जुड़ पाए, जैसा उन्हें जुड़ना चाहिए था। मैं अतीत में नहीं जाना चाहता क्योंकि हमारी सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि हम कश्मीर और देश के बाकी हिस्सों के बीच दिलों की दूरी को मिटाने के लिए काम कर रहे हैं। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला की सराहना की और कहा कि उन्होंने जम्मू और कश्मीर के लोगों और दिल्ली के बीच की दूरी को कम करने के लिए सही कदम उठाए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा सरकार दिल्ली और कश्मीर को समान रूप से देखती है। सिंह ने यह बयान तांडा आर्टिलरी ब्रिगेड में आयोजित 9वें सशस्त्र बलों के पूर्व सैनिक दिवस रैली के दौरान दिया। उन्होंने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के प्रधानमंत्री चौधरी अनवर उल हक के भारत के खिलाफ बयान की कड़ी निंदा की।

### पंजाब में चाइना डोर का कहर, जालंधर में एक व्यक्ति की मौत

**जालंधर।** चाइना डोर का कहर जान लेने पर उतारू है। बीते दिन आदमपुर का व्यक्ति चाईना डोर की चपेट में आ गया था और उसकी गर्दन की नस कट गई थी आज चंडीगढ़ पीजीआई में उपचार के दौरान उक्त व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान 45 वर्षीय युवक हरप्रीत सिंह के रूप में हुई है। 2 दिन पहले जब हरप्रतीत अपनी मोटरसाइकिल से आदमपुर से वापस अपने गांव सरोबाद जा रहा था तो अचानक सड़क पर इस युवक की गर्दन पर चाईना डोर लगने से गहरा घाव हो गया, जिससे यह युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था।अमृतसर पुलिस कमिश्नर ने लोहड़ी के त्यौहार को ध्यान में रखते हुए एक विशेष कदम उठाया है।

शरद पवार ने भी दिए अकेले चुनाव लड़ने के संकेत

## इंडिया गठबंधन स्थानीय चुनाव के लिए नहीं था..

**मुंबई/ एजेंसी**

महाराष्ट्र में आगामी स्थानीय चुनाव से पहले महा विकास अघाड़ी गठबंधन टूट की कगार पर पहुंचता दिख रहा है। दरअसल हाल ही में शिवसेना यूबीटी ने स्थानीय चुनाव अकेले लड़ने का एलान किया था। अब एनसीपी एसपी प्रमुख शरद पवार ने भी ऐसे संकेत दिए हैं कि उनकी पार्टी भी स्थानीय चुनाव अकेले लड़ सकती है। शरद पवार ने कहा कि अगले 8-10 दिनों में बैठक होगी, जिसमें इस पर फैसला होगा कि चुनाव गठबंधन में लड़ा जाए या फिर अकेले। शरद पवार से जब इंडी



गठबंधन को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि 'इंडी गठबंधन में कभी भी राज्य और स्थानीय चुनाव को लेकर चर्चा नहीं हुई। इंडी गठबंधन सिर्फराष्ट्रीय स्तर के चुनाव के लिए था। महाराष्ट्र के आगामी निकाय चुनाव में हम गठबंधन के साथ चुनाव लड़ेंगे या अकेले, इसका फैसला करने के लिए अगले 8-10 दिनों में बैठक होगी।' दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर एनसीपी-एसपी प्रमुख शरद पवार ने कहा कि 'दिल्ली चुनाव में, मुझे ऐसा लगता है कि हमें अरविंद केजरीवाल की मदद करनी चाहिए।' शिवसेना यूबीटी भी अकेले चुनाव लड़ने की बात कह चुकी है गौरतलब है कि हाल ही में शिवसेना यूबीटी के सांसद संजय राउत ने साफ कर दिया कि उनकी पार्टी स्थानीय चुनाव में अकेले लड़ेगी। संजय राउत ने कहा कि 'गठबंधन में पार्टी कार्यकर्ताओं को पर्याप्त अवसर नहीं मिलते।

संगम में हेलिकॉप्टर से हुई पुष्प वर्षा

# महाकुंभ में 3.50 करोड़ श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

**नई दिल्ली/ एजेंसी**

प्रयागराज में महाकुंभ मेले में भारी भीड़ देखी गई है। मकर संक्रांति पर पहले 'अमृत स्नान' के दौरान 3.50 करोड़ से अधिक भक्तों ने संगम में पवित्र डुबकी लगाई। योगी ने एक्स पर लिखा कि आस्था, समता और एकता के महासमागम 'महाकुम्भ-2025, प्रयागराज' में पावन 'मकर संक्रांति' के शुभ अवसर पर पवित्र संगम में आस्था की पवित्र डुबकी लगाने वाले सभी पूज्य संतगणों, कल्पवासियों व श्रद्धालुओं का हार्दिक अभिनंदन! प्रथम अमृत स्नान पर्व पर आज 3.50 करोड़ से अधिक पूज्य संतों/श्रद्धालुओं ने अविरल-निर्मल त्रिवेणी में स्नान का पुण्य लाभ अर्जित किया। योगी ने आगे लिखा कि प्रथम अमृत स्नान पर्व के सकुशल संपन्न होने पर सनातन धर्म के आधार सभी पूज्य अखाड़ों, महाकुम्भ मेला प्रशासन, स्थानीय प्रशासन, पुलिस प्रशासन, स्वच्छताकर्मियों, स्वयंसेवी संगठनों एवं धार्मिक संस्थाओं, नाविकों तथा महाकुम्भ से जुड़े केंद्र व प्रदेश सरकार के सभी विभागों को हृदय से साधुवाद तथा प्रदेश वासियों को बधाई! पुण्य फलें, महाकुम्भ चलें। एक और पोस्ट में उन्होंने लिखा कि तीर्थराज प्रयाग में आज महाकुम्भ के प्रथम 'अमृत स्नान' और मकर संक्रांति के पावन अवसर पर सभी अखाड़ों और घाटों पर पुष्पवर्षा सनातन संस्कृति का वंदन, श्रद्धा का अभिनंदन और आस्था को नमन है। मृत स्नान के अगले क्रम में तपोनिधि पंचायती श्री निरंजनी अखाड़ा और आनंद अखाड़ा के साधु संतों ने अमृत स्नान किया जिसमें सबसे आगे अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष



महंत रविंद्र पुरी थे और उनके बाद अखाड़ा के झंडे और फिर आराध्य देवता कार्तिकेय स्वामी और सूर्य नारायण पालकी पर सवार थे। इनके पीछे नागा सन्यासियों की टोली थी और इन सभी के बीच निरंजनी के आचार्य महामंडलेश्वर कैलाशानंद गिरि एक भव्य रथ पर सवार थे। निरंजनी अखाड़े की साध्वी और पूर्व केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने कहा, घाट पर युवाओं की भीड़ यह बताती है कि युवाओं में सनातन धर्म के प्रति कितनी आस्था है। जब भी किसी ने सनातन धर्म को चुनौती दी, युवा और संत समाज ने आगे आकर धर्म की रक्षा की। निरंजनी और आनंद अखाड़े के बाद जूना अखाड़े, आवाहन अखाड़े और पंचअग्नि अखाड़े के हजारों साधु संतों ने अमृत स्नान किया। जूना के साथ ही किन्नर अखाड़े के संतों ने भी गंगा में डुबकी लगाई। किन्नर अखाड़े की सदस्य राम्या नारायण गिरी ने बताया कि अमृत स्नान के अवसर पर प्रत्येक सदस्य ने भारतवासियों की सुख-समृद्धि और देश के कल्याण की कामना की। उन्होंने कहा कि महाकुंभ का यह पर्व न केवल धार्मिक आयोजन है, बल्कि समाज के प्रति सकारात्मक संदेश देने का भी एक माध्यम है। किन्नर अखाड़े के सदस्य शस्त्रों के साथ अपनी परंपराओं का अद्भुत प्रदर्शन करते नजर आए। तलवारों और अन्य शस्त्रों को लहराते हुए उन्होंने अपनी शक्ति और परंपरा का परिचय दिया। जयघोष और हर हर महादेव के नारों के बीच पूरा माहौल उत्साह और आस्था से भर गया।

### सीएम योगी ने सभी संतों और श्रद्धालुओं का किया अभिनंदन

आस्था, समता और एकता के महासमागम 'महाकुंभ-2025, प्रयागराज' में पावन 'मकर संक्रांति' के शुभ अवसर पर पवित्र संगम में आस्था की पवित्र डुबकी लगाने वाले सभी पूज्य संतगणों, कल्पवासियों व श्रद्धालुओं का हार्दिक अभिनंदन! प्रथम अमृत स्नान पर्व पर आज 3.50 करोड़ से अधिक पूज्य संतों/श्रद्धालुओं ने अविरल-निर्मल त्रिवेणी में स्नान का पुण्य लाभ अर्जित किया। प्रथम अमृत स्नान पर्व के सकुशल संपन्न होने पर सनातन धर्म के आधार सभी पूज्य अखाड़ों, महाकुंभ मेला प्रशासन, स्थानीय प्रशासन, पुलिस प्रशासन, स्वच्छताकर्मियों, स्वयंसेवी संगठनों एवं धार्मिक संस्थाओं, नाविकों तथा महाकुम्भ से जुड़े केंद्र व प्रदेश सरकार के सभी विभागों को हृदय से साधुवाद तथा प्रदेश वासियों को बधाई।

## संक्षिप्त समाचार

### चीजगांव के बच्चों का शैक्षणिक भ्रमण से खिल उठा चेहरा



**साजा (समय दर्शन)।** बच्चों के स्कूली जीवन में पर्यटन कार्यक्रमों और यात्राओं का मानसिक प्रभाव पड़ता है एवं ज्ञान भी बढ़ता है। ऐसे ही उद्देश्यों की पूर्ति करते हुए चीजगांव शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला ने भ्रमण की योजना बनाई। शिक्षकों सहित विद्यार्थी भिलाई स्थित मैत्री गार्डन भ्रमण के लिए पहुंचे। जहां पहुंचकर बच्चों ने पशु-पक्षियों को देखा एवं उसके बारे में जाना। प्रधान पाठक एवं बच्चों ने एक साथ बैठकर नास्ता भी किया । गार्डन के बाहर लगे स्टॉल से बच्चों ने अपने आवश्यकता की वस्तुओं की खरीददारी भी की। पेड़-पौधों के साथ फोटो भी खिंचवाए। बस के अंदर अंताक्षरी, किस्से कहानियां का आनंद भी लिए। जिन उद्यानों, मंदिरों एवं प्राचीन स्थलों के बारे में बच्चे किताबों में पढ़ते थे उन्हें प्रत्यक्ष देखकर उनके जिज्ञासाओं में अभिवृद्धि देखी जा सकती थी। अनेक नवीन कल्पनाओं का सृजन हुआ। बीच-बीच में रूकते हुए नदियों, पेड़-पौधों एवं रास्तों के बारे में भी बच्चे की जिज्ञासा देखते ही बनती थी। दोनों स्कूल के प्रधान पाठक एवं शिक्षकों ने बताया कि पूरे दिन उमंग के साथ शैक्षणिक भ्रमण किया गया। इस अवसर पर पूर्व माध्यमिक शाला प्रधान पाठक अशोक कुमार साहू, शिक्षक दीपक लाल ठाकुर एवं प्राथमिक शाला प्रधान पाठक लोकेश कुमार साहू, सहायक शिक्षक परमानंद तिवारी एवं बच्चों ने शैक्षणिक भ्रमण का लाभ प्राप्त किए ।

### जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 1 से मधु भुनेश्वर सिंह बघेल ने ठोकी ताल

**राजनांदगांव (समय दर्शन)।** त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के आरक्षण की प्रक्रिया होते ही दावेदारों ने तैयारी शुरू कर दी है। कांग्रेस से क्षेत्र क्रमांक 1 से जिला पंचायत सदस्य के लिए मधु बघेल अपने दावेदारी प्रस्तुत की है। मधु बघेल डोंगरगढ़ पूर्व विधायक भुनेश्वर सिंह बघेल की धर्मपत्नी है। पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल अपने विधायक रहते हुवे जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक-1 में अरबों रूपयों का विकास कार्य कराए है। चाहे घुमका-पटेवा उच्च पुल हो या गृह ग्राम तक नहर लाइनिंग हो या भवन, नाली, सीसी गाँव-गाँव में विकास कार्य कराए है, जिनके कारण 2023 विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को लाभ मिला। मधु भुनेश्वर सिंह बघेल को पूरे क्षेत्र में सामाजिक कार्यो के लिए जाने जाते है। विधायक कार्यकाल के दौरान महिलाओं के संपर्क में रहकर हर सुख-दुख में साथ रही है। मधु भुनेश्वर बघेल गाँव-गाँव में सक्रिय व मिलनसार के रूप में जाने जाते है। मधु भुनेश्वर बघेल की जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 01 से उनकी कांग्रेस से दावेदारी प्रमुख मानी जा रही है, अगर कांग्रेस पार्टी अधिकृत करती है, यह क्षेत्र कांग्रेस के झोली में जाना तय माना जा रहा है।



### फाईलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम के क्रियान्वयन के संबंध में जिला स्तरीय प्रशिक्षण एवं कार्यशाला संपन्न



**राजनांदगांव (समय दर्शन)।** कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देशन में राष्ट्रीय फाईलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम के क्रियान्वयन के संबंध में जिला स्तर पर मॉस्टर ट्रेनरों का एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया, जिसमे डॉ. नेतराम नवरतन मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सह जिला मलेरिया अधिकारी, विश्व स्वास्थ्य संगठन से डॉ. मनोज, डॉ. रोहित डेविड (मेडिसिन विभाग) तथा संदीप ताम्रकार, जिला कार्यक्रम प्रबंधक (रा.स्वा.मि.), श्रीमती संगीता पाण्डेय-जिला सलाहकार, व्हीबीडी तकनीकी पर्यवेक्षक, पिनाकी दे सरकार-जिला मिशन प्रबंधक (बिहान) द्वारा जिले के दो विकासखंडो में दिनांक 10 से 28 फरवरी 2025 तक आयोजित सामूहिक दवा सेवन कार्यक्रम के संबंध में, जानकारी दी तथा बताया कि छत्तीसगढ़ शाशन के निर्देशानुसार 10 से 14 फरवरी 2025 तक आंगनबाड़ी, स्कूल, कॉलेज एवं विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में बूथ लगाकर, 15 से 25 फरवरी 2024 तक ड्रग एडमिनिस्ट्रेटर द्वारा समुदाय स्तर पर गृह भेंटकर तथा 26 से 28 फरवरी 2025 तक छूटे हुए लाभार्थियों को मॉप-अप राऊंड अंतर्गत दवा का सेवन कराया जाएगा। 10 से 28 फरवरी 2025 तक सभी स्वास्थ्य संस्थानों में एमडीए कार्नर में लाभार्थियों को दवा सेवन कराये जाने के संबंध में, उक्त संबंध में स्वास्थ विभाग एवं अन्य विभाग के कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया कि शत प्रतिशत लोगों (2 वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती माताओं एवं गंभीर बीमार व्यक्ति को छोड़कर) को एलबेनडाजोल और डीईसी की गोली खिलवाया जाए।

# ऑनलाईन दवाई डिलिवरी को सीसीडीए ने जन स्वास्थ्य के लिए बताया बड़ा खतरा

### सीसीडीए ने अधिसूचना जीएसआर 220(ई) वापस लेने उठाई आवाज




**दुर्ग (समय दर्शन)।** छत्तीसगढ़ केमिस्ट एण्ड डिस्ट्रीब्यूशन एसोसिएशन (सीसीडीए) कोरोनाकाल के समय केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा लागू किए गए अधिसूचना संख्या जीएसआर 220 (ई) के खिलाफ लामबंद हो गया है। इस मुद्दे पर मंगलवार को दुर्ग में एसोसिएशन पदाधिकारियों द्वारा प्रेसवार्ता कर अधिसूचना को वर्तमान समय में जन स्वास्थ्य की सुरक्षा की दृष्टि से बड़ा खतरा बताया गया है। लिहाजा एसोसिएशन पदाधिकारियों ने केन्द्र सरकार से अधिसूचना संख्या जीएसआर 220 (ई) को तत्काल प्रभाव से वापस लेने की मांग की है। मीडिया से चर्चा में छत्तीसगढ़ केमिस्ट एण्ड डिस्ट्रीब्यूशन एसोसिएशन (सीसीडीए) के सचिव अविनाश अग्रवाल ने कहा है कि कोरोनाकाल में जरुरतमंद मरीजों के घरों तक ऑनलाईन दवाई उपलब्ध कराने की आपातकालीन स्थिति की आवश्यकता की पूर्ति के लिए अधिसूचना संख्या जीएसआर 220 (ई) लागू की गई थी, क्योंकि कोरोनाकाल में चिकित्सक भी मरीजों को आसानी से सुलभ नही होते थे। जरुरतमंद मरीजों को आसानी से दवाईयां उपलब्ध हो सके। यह अधिसूचना लागू करने का मुख्य उद्देश्य था, लेकिन वर्तमान में कोरोनाकाल खत्म हो चुका है। भविष्य में कोरोना जैसी स्थिति के वापस लौटने की संभावना भी नहीं है। बावजूद यह अधिसूचना आज भी प्रभावी है। जिसका खुलकर दुरुपयोग होने के कई प्रकरण सामने आ चुके है। लोगों को बगैर डॉक्टरी पर्ची के प्रतिबंधित दवाईयों का ऑनलाईन डिलिवरी हो रही है। नशे में उपयोग करने के लिए भी दवाईयां लोगों को ऑनलाईन डिलिवरी के माध्यम से आसानी से उपलब्ध हो रही है, जबकि दवाई खरीदी के लिए डॉक्टरी पर्ची अनिवार्य है। डॉक्टरी पर्ची के समयकाल को लेकर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के विशेष गाईडलाईन है। दवाई की आपूर्ति लाइसेंसधारी मरीज को उसी जिले में करवा सकता है, जहां वह खुद व्यवसाय का संचालन करता हो, लेकिन वर्तमान में दवाईयों की ऑनलाईन डिलिवरी में उक्त नियम का खुलेआम उल्लंघन किया जा रहा है। जिससे प्रतिबंधित दवाईयों का व्यापार बड़े पैमाने पर फल-फूल रहा है, जिसका लोगों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है। जनहित में अधिसूचना संख्या जीएसआर 220 (ई) को केन्द्र सरकार तत्काल वापस ले। छत्तीसगढ़ केमिस्ट एण्ड डिस्ट्रीब्यूशन एसोसिएशन (सीसीडीए) के सचिव अविनाश अग्रवाल ने कहा है कि उक्त अधिसूचना के खिलाफकेन्द्र सरकार से चार बार पत्राचार किया जा चूका है। जिसके माध्यम से अधिसूचना के विसंगतियों की गंभीरता को अवगत कराया गया है, लेकिन केन्द्र सरकार जन स्वास्थ्य के सुरक्षा से जुड़े मुद्दे पर मौन क्यों है? यह समझ से परे है। अगर केन्द्र सरकार का यही रवैया रहा, तो छत्तीसगढ़ केमिस्ट एण्ड डिस्ट्रीब्यूशन एसोसिएशन (सीसीडीए) जल्द ही जनहित में बड़ा आंदोलन छेड़ने बाध्य होगी। छत्तीसगढ़ केमिस्ट एण्ड डिस्ट्रीब्यूशन एसोसिएशन (सीसीडीए) के सचिव अविनाश अग्रवाल ने दवाईयों को ड्रग कहे जाने पर आपत्ति जताते हुए कहा है कि दवाई मेडिसीन होती है, जबकि ड्रग कोकीन, ब्राऊन शुगर, अफीम एवं अन्य नशीली पदार्थ होती है, लेकिन जब भी पुलिस द्वारा ड्रग के खिलाफ कार्यवाही की जाती है, तो यह कहा जाता है कि नशीली दवाई पकड़ी गई है। इस बोलचाल की भाषा से समाज में दवाई विक्रेताओं के प्रति गलत धारणा बनती है। जिससे दवाई विक्रेताओं की छवि धूमिल होती है। बोलचाल में ऐसा व्यवहार अनुचित है।

प्रेसवार्ता के दौरान अखिल भारतीय दवा विक्रेता संघ के कार्यकारिणी सदस्य सुधीर अग्रवाल, छत्तीसगढ़ केमिस्ट एण्ड डिस्ट्रीब्यूशन एसोसिएशन (सीसीडीए) संगठन मंत्री देवव्रत गौतम, वरिष्ठ केमिस्ट सतीश समर्थ, दुर्ग जिला दवा विक्रेता संघ अध्यक्ष वकार हसन खान, सचिव दीपक बंसल, कोषाध्यक्ष सत्येन्द्र जैन, उपाध्यक्ष विनय पंचोली, पीआरओ जयवीर गुप्ता, पूर्व सचिव अरुण ताम्रकार मौजूद रहे।

## नव भारत साक्षरता कार्यक्रम : कलेक्टर लंगेह ने किया उल्लास ब्रोजर का विमोचन



**महासमुंद (समय दर्शन)।** कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण विनय कुमार लंगेह द्वारा आज उल्लास ब्रोजर का विमोचन किया गया। यह कार्यक्रम कलेक्टर सभा कक्षा, महासमुंद में आयोजित जिला स्तरीय समय सीमा की बैठक के दौरान हुआ। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं उपाध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण, एस. आलोक सहित जिले के प्रमुख विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। ब्रोज़र के मुख पृष्ठ में नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत 'सभी के लिए शिक्षा' और 'जन-जन साक्षर' का संदेश दिया गया है। इस कार्यक्रम के तहत शिक्षार्थियों के लिए विशेष कार्य योजना तैयार की गई है, जो उल्लास केंद्र में पढ़ाई करने वाले छात्रों को शिक्षा प्राप्त करने में सहायक होगी। पाठ्यक्रम की प्राथमिकताओं पर विशेष चर्चा की गई, जिसमें 70 दिनों के भीतर 200 घंटे की शिक्षा पूरी करने का लक्ष्य रखा गया है। नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत 2027 तक 15 वर्ष से अधिक उम्र के असाक्षरों को साक्षर करने का लक्ष्य है। इसके तहत सभी युवा, प्रौढ़, पुरुष और महिलाओं को बुनियादी साक्षरता, संख्या ज्ञान, जीवन कौशल, व्यावसायिक कौशल विकास, वित्तीय साक्षरता, डिजिटल साक्षरता, कानूनी साक्षरता, स्वास्थ्य और स्वच्छता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की जाएगी।

## देवी भागवत में तुलसी विवाह की कथा और बांटे सैकड़ो तुलसी के पौधे

### कथा पंडाल में उपस्थित भक्तो को छेरछेरा की बधाइयां दी एवँ शाकम्भरी देवी की चर्चा की



**भाटापारा (समय दर्शन)।** नागरिक ज्ञान यज्ञ समिति के द्वारा आयोजित नौ दिवसीय श्रीदेवी भागवत महापुराण कथा के आठवें दिवस पर संत बालयोगी विष्णु अरोड़ा के द्वारा मां भगवती के अनेक रूपों की कथा सुनाई गई। जिसमें बहुत ही अलौकिक कथा त्रिपुरा सुंदरी, ॠषि चवन एवं अश्वनी कुमारी की कथा से आरंभ किया एवं उसके आध्यात्मिक ज्ञान को भी लोगों को तथ्यों के साथ बताया वही कथाओं में शंकर जी के भक्त को सूर्यदेव के द्वारा श्राप देना एवं शंकर जी के द्वारा सूर्य को मारने के लिए जाना एवं भगवान विष्णु के द्वारा शंकर जी को समझाना। ऐसी कथाओं का वाचन करके उसके आध्यात्मिक तथ्यों को सामने रखा साथ ही फिर तुलसी विवाह की कथा सुनाते हुए शंखचूर्ण एवं शालिग्राम की कथा कही। अंत में लोक परंपराओं के साथ छत्तीसगढ़ के त्यौहार में आज पूर्णिमा के दिन छेरछेरा त्यौहार की बधाई संत बालयोगी एवं समिति के द्वारा उपस्थित सभी भक्तों को दी गई साथ ही तुलसी विवाह के अवसर पर उपस्थित सभी महिला पुरुष भक्तों को तुलसी पौधों का वितरण किया गया आज के इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा एवं उनकी धर्मपत्नी सीमा शर्मा एवं भाजपा से अन्य लोग भी उपस्थित रहे। शिवरतन शर्मा ने संबोधन में संत बालयोगी विष्णु अरोड़ा जी के द्वारा चौथी बार भाटापारा आगमन पर उनका हार्दिक अभिनंदन वंदन किया एवं धर्मांतरण के विषय को लेकर लोगों को संबोधित करते हुए सनातन धर्म की रक्षा करने की अपील की ।

## भाजपा की सरकार ने पूरे प्रदेश में षड्यंत्र पूर्वक ओबीसी के आरक्षण में कटौती किया है : कुलबीर सिंह छाबड़ा



**राजनांदगांव (समय दर्शन)।** भारतीय जनता पार्टी की सरकार के द्वारा स्थानीय निकाय चुनाव में आरक्षण प्रावधानों किए गए दुर्भावना पूर्वक संशोधन के चलते अधिकांश जिला और जनपद पंचायतों में ओबीसी आरक्षण खत्म हो गया है, जिसको लेकर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने बयान जारी करते कहा कि प्रदेश के 16 जिला पंचायत और 85 जनपदों में जहां पहले 25 प्रतिशत सीटें अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों के लिए आरक्षित हुआ करती थी, अब अनुसूचित क्षेत्रों में ओबीसी आरक्षण लगभग खत्म हो गया है। श्री छाबड़ा ने आगे कहा कि मैदानी क्षेत्रों में अनेकों पंचायतें ऐसी है, जहां पर लगभग 90 से 99 प्रतिशत आबादी ओबीसी की है, लेकिन वहां पर भी ओबीसी के लिए सरपंच का पद आरक्षित नहीं है। पंचों का आरक्षण भी जनसंख्या के अनुपात में कम है। पूर्व में ओबीसी के लिए आरक्षित ये सभी सीटें अब सामान्य घोषित हो चुकी है। साय सरकार के द्वारा आरक्षण प्रक्रिया के नियमों में किए गए दुर्भावना पूर्वक संशोधन के बाद अनुसूचित जिले और ब्लॉकों में जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य और पंचों का जो भी पद अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित था, वह अब सामान्य सीटे घोषित हो गई है। बस्तर और सरगुजा संभाग में आरक्षित वर्ग को बड़ा नुकसान है सरगुजा संभाग के पांच जिले अंबिकापुर, बलरामपुर, सूरजपुर, कोरिया, मनेंद्रगढ़, चिरमिरी, भरतपुर सोनहत, बस्तर के 7 जिले बस्तर, कांकेर, कोंडागांव, दंतेवाडा, नारायणपुर, सुकमा, बीजापुर सहित मानपुर-मोहला, जशपुर, गैरोला-पेंड्रा-मरवाही और कोरबा जिले में अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए कुछ बचा ही नहीं है। इस सरकार के द्वारा स्थानीय निकाय (त्रिस्तरीय पंचायत और नगरीय निकाय) चुनाव में आरक्षण के प्रावधानों में जो षड्यंत्र पूर्वक ओबीसी विरोधी परिवर्तन किया है, उसके परिणाम सामने हैं। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 के लिए जिला पंचायत, जनपद पंचायत, सरपंच और पंचों के आरक्षण में ओबीसी के हक और अधिकारों में बड़ी डकैती इस सरकार ने की है। त्रि-स्तरीय पंचायत राज संस्थाओं में रायपुर जिला पंचायत में 16 क्षेत्रों में से केवल 4 ओबीसी के लिए आरक्षित है। बिलासपुर जिले में सदस्यों के 17 में से केवल एक क्षेत्र क्रमांक 1 में ओबीसी महिला के लिए आरक्षित है, ओबीसी पुरुष के लिए 17 में से एक भी सीट आरक्षित नहीं है। इसी तरह बिलासपुर जिले के चार जनपद पंचायत में दो जनपद पंचायत अध्यक्ष के पद अनुसूचित जाति महिला, एक अनारक्षित महिला और एक जनपद अध्यक्ष का पद अनारक्षित मुक्त रखा गया है। ओबीसी के लिए बिलासपुर जिले के अंतर्गत चार जनपद पंचायतों में से एक भी जनपद पंचायत अध्यक्ष का पद ओबीसी के लिये आरक्षित नहीं है। श्री छाबड़ा ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार के बदनियति से चलते अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवार चुनाव लड़ने से वंचित हो गए हैं।

## अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी करने वाला अंतराज्यीय आरोपी गिरफ्तार



**भाटापारा (समय दर्शन)।** थाना भाटापारा शहर पुलिस व साइबर पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी करने वाले 01 अंतराज्यीय आरोपी को किया गया गिरफ्तार आरोपी को ग्राम सर्किट हाउस भाटापारा के पास बिक्री करने के लिए ग्राहक की तलाश करते हुए अवैध मादक पदार्थ गांजा सहित पकड़ा गया कार्यवाही में आरोपी से 1,88,060 कीमत मूल्य का 18.860 किलोग्राम गांजा किया गया जप्त साथ ही आरोपी से एक मोबाइल भी किया गया जप्त

ऑपरेशन विश्वास के तहत थाना भाटापारा शहर पुलिस द्वारा असामाजिक तत्वों, अवैध महुआ शराब बनाने वाले, जुआ सट्टा एवं मादक पदार्थ गांजा की तस्करी करने वाले अंवैधानिक तत्वों की धरपकड कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में सर्किट हाउस भाटापारा के पास मादक पदार्थ गांजा की बिक्री करने वाले 01 आरोपी को पकड़ा गया है। थाना भाटापारा शहर की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सर्किट हाउस भाटापारा में घेराबंदी कर बिक्री करने के लिए ग्राहक की तलाश करते हुए अवैध मादक पदार्थ गांजा सहित आरोपी जगदीश वर्मा को पकड़ा गया है। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा पहले आरोपी जगदीश वर्मा एवं उसके पास रखे गए 02 बैग एवं एक ट्रॉली सूटकेस का सुक्ष्मतापूर्वक निरीक्षण किया गया, जिसमें आरोपी से अलग-अलग पैकेट में भरा हुआ अवैध मादक पदार्थ गांजा मिला। तलाशी कार्रवाई पश्चात मिले गांजा का विधिवत तौल कार्यवाही कराया गया, जिसमें कुल 18.860 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा होना पाया गया जिसे विधिवत जप्त किया गया है। उक्त गांजा का बाजार मूल्य ?1,88,060 है। साथ ही प्रकरण में आरोपी से एक मोबाइल भी जप्त किया गया है। कि प्रकरण में थाना भाटापारा शहर में आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 40/2025 धारा 20क ह्हक्क एक्ट पंजीबद्ध कर, आरोपी को विधिवत गिरफ्तार करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। प्रकरण विवेचना में है।

## स्वामी विवेकानन्द जयंती पर साहू समाज द्वारा तहसील स्तरीय युवा सम्मेलन का हुआ आयोजन

### समाज की ताकत और संगठन की बदौलत प्रदेश में समाज के 12 विधायक बने है- संदीप साहू



**पाटन (समय दर्शन)।** तहसील साहू संघ पाटन द्वारा युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानन्द जी की जयंती पर 12 जनवरी को साहू सदन पाटन में युवा सम्मेलन एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। समाज के युवाओं ने विश्राम गृह पाटन से साहू सदन पाटन तक शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा कार्यक्रम स्थल साहू सदन पहुंचने पर समाज के युवक युवतियों द्वारा आगंतुक युवाओं एवं अतिथियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 31युवाओं ने रक्तदान किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष अखिल भारतीय तेलीक महासभा एवं विधायक कसडोल संदीप साहू ने कहा तहसील साहू संघ पाटन द्वारा युवाओं में समाजिक जागरूकता एवं उनके कैरियर निर्माण की दिशा में बहुत ही सराहनीय कार्य किया जा रहा है। युवा दिवस के मौके पर हम सभी स्वामी विवेकानन्द जी द्वारा दिए ज्ञान व चरित्र के एक छोटे से हिस्से को अपने जीवन में उतारें तो हमें सफल होने से कोई नही रोक सकता है।जीवन में एक बात जरूर याद रखें कि जितना बड़ा संघर्ष होगा जीत उतनी ही शानदार होगी। छत्तीसगढ़ में सबसे ज्यादा धार्मिक कार्य करने वाला समाज साहू समाज है। हम उस माता के वंशज है जिन्होंने भगवान जगन्नाथ को खिचड़ी का भोग लगाया था। छत्तीसगढ़ में समाज की ताकत के बदौलत आज 12 विधायक साहू समाज से है। ये साहू समाज की नियमावली और संगठन की बदौलत बने है। साहू समाज को और ज्यादा संगठित होकर आगे बढ़ने की जरूरत है। हमारे समाज की प्रतिभाओं को प्रदेश और देश की प्रतिभा बनाने की जिम्मेदारी समाज की है। साहू समाज को नई सोच और जज्बे के साथ आगे बढ़ना होगा। जिसमें युवाओं की सबसे अहम भागीदारी होना चाहिए। कार्यक्रम को अध्यक्षता कर रहे नंदलाल साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ दुर्ग, विशिष्ट अतिथि डॉ दयाराम साहू पूर्व विधायक गुण्डरदेही,विशेष अतिथि

अश्वनी साहू प्रदेश प्रतिनिधि जिला साहू संघ दुर्ग, अशोक साहू उपाध्यक्ष जिला पंचायत दुर्ग,मोनू साहू सभापति जिला पंचायत दुर्ग, मुकेश साहू संयोजक युवा प्रकोष्ठ जिला साहू संघ दुर्ग सहित अन्य अतिथियों ने समाज में युवाओं की सक्रिय भागीदारी,युवाओं को नशा से दूर रहने अपने व्यक्तित्व विकास पर जोर देने की कही।

युवा सम्मेलन में समाज के प्रेरक वक्ताओं द्वारा व्यक्तित्व विकास कैरियर गाईड लाइन के साथ अपनी सफलता की कहानी समाज के युवाओं के साथ साझा किए। समाज के युवक युवतियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम समूह नृत्य, प्रहसन के माध्यम से सामाजिक संदेश दिया गया। इस अवसर पर सामाजिक मद से निर्मित अतिरिक्त कक्ष एवं अहाता निर्माण का लोकार्पण किया गया। युवा प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित सम्मलेन में समाज के प्रतिभावान छात्र छात्राओं एवं विभिन्न क्षेत्रों में ख्याति हासिल करने वाले प्रतिभाओं का सम्मान प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर किया गया।

**आरु साहू की गीत पर झूमे उठे दर्शक....**- युवा सम्मेलन में साहू समाज की गौरव एवं लोकगायिका आरु साहू कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित थे। आरू साहू द्वारा जैसे ही मोर कर्मा दाई गाने की प्रस्तुति दी उपस्थित दर्शक झूमे उठे। स्वागत भाषण तहसील अध्यक्ष दिनेश साहू ने दिया। मंच संचालन खेमलाल साहू ने एवं आभार प्रदर्शन गोपेश साहू ने किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष खिलावन साहू, सलाहकार रमेश साहू,प्रेमलाल साहू,दिलीप साहू,गंगादीन साहू,लालेश्वर साहू,धनराज साहू,किशोर साहू,मोहन साहू,दिव्या साहू,चंद्रिका साहू,किशन हिरवानी, महेंद्र साहू,सरिता साहू, डॉ गुलाब साहू, डॉ सुरेश साहू,देवनारायण साहू,सूरज साहू,कमलेश्वरी साहू,राजू साहू,सोहन साहू,टेस राम साहू, दुलेश्वर साहू,रविशंकर साहू,हरिशंकर साहू,विमला साहू,मनीष साहू,कौशल बनपेला,कुलेश्वर साहू,सुरेन्द्र साहू,लालजी साहू,पारखत साहू,लोकेश साहु,बलराम साहू,गायत्री साहू,उषा साहू, कमलेश साहू,नारद साहू, बेनीराम साहु,अर्जुन साहू, डॉ हिमाचल साहू,,कृष्णकुमार साहू, सहित अन्य उपस्थित थे।

सार समाचार

## गौमांश बिक्री मामले में एक और गिरफ्तार

**रायपुर( समय दर्शन )।** राजधानी के आजाद चौक थाना क्षेत्र के मोमीन पारा में पिछले दिनों गौ-हत्या कर गौमांश बिक्री करने के मामले में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस पहले इस मामले में पुलिस ने 8 लोगों को गिरफ्तार किया था। मामले मे आरोपियों के खिलाफ धारा 299, 325 बी.एन.एस. तथा छ.ग. कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 5, 6, 10 के तहत कार्यवाही की है। बता दें कि कुछ दिनों पहले राजधानी रायपुर के मोमीन पारा के एक घर में गौ-हत्या कर गौमांश बिक्री करने का मामला सामने आया था। सूचना पर मौके पर आजाद चौक पुलिस ने छापामार कर वहां से बड़ी मात्रा में गौ-मांश बरामद किया था। तथा मौके से 6 लोगों को गिरफ्तार किया था। वहीं एक तीन दिन पूर्व ही मामले में दो महिलाओं को भी गिरफ्तार किया गया था। अब इस मामले में सोमवार को पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आर.डी.ए. कालोनी थाना टिकरापारा रायपुर निवासी शाहिद खान पिता स्व. मेहमूद खान उम्र 42 साल को गिरफ्तार किया है। इस तरह इस मामले में अब तक कुल 9 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

## बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने बॉब लिि[ ड सावधि जमा की शुरुआत की: जो आंशिक रूप से आहरण की सुविधा के साथ सावधि जमा योजना को नए सिरे से परिभाषित करेगी

**रायपुर।** आज के परिवर्तनशील वित्तीय परिवेश में, ग्राहक जमा संबंधी ऐसे नए सॉल्यूशंस चाहते हैं जो सुनिश्चित और प्रतिस्पर्धी रिटर्न, लिक्विडिटी और फ्लेक्सिबिलिटी का मिश्रण हों। बचतकर्ताओं की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए, बैंक ऑफ़बड़ौदा ने पारंपरिक सावधि जमा (एफ्डी) के लिए एक अनूठा विकल्प- बॉब लिक्विड सावधि जमा पेश किया है। बॉब लिक्विड सावधि जमा, सामान्य सावधि जमा से ज़्यादा रिटर्न कमाने के फ़ायदों को बचत खाते से जुड़ी आसान लिक्विडिटी की सुविधा के साथ जोड़ता है। यह जमाकर्ताओं को पूरी एफ्डी बंद किए बिना आंशिक आहरण की सुविधा प्रदान करता है, जो यह सुनिश्चित करता है कि जमाकर्ता अपनी आकस्मिक वित्तीय ज़रूरतों को आवश्यकता पड़ने पर पूरा कर सकते हैं, जबकि शेष राशि में उसी एफ्डी में अनुबंधित दर पर ब्याज प्राप्त होती रहती है। यह जमाकर्ताओं को अधिक रिटर्न, पूर्व भुगतान कम जुर्माना और आवश्यकता पड़ने पर धनराशि की तुरंत उपलब्धता सुनिश्चित करता है।

बदलती वित्तीय आवश्यकताओं को पूरा करना- भारत के वित्तीय परिदृश्य में ग्राहकों के व्यवहार में महत्त्वपूर्ण बदलाव देखने को मिल रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने किया सुकमा जिले में 205 करोड़ रुपए के 137 विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास

# माओवादी कैंसर को समाप्त करना है तो इसकी जड़ पर प्रहार करना जरूरी - मुख्यमंत्री



**रायपुर( समय दर्शन )।** माओवाद एक कैंसर की तरह है। कैंसर को समाप्त करना है तो इसकी जड़ पर प्रहार करना जरूरी होता है। माओवादी बस्तर के कुछ इलाकों में जोंक की तरह चिपक गये थे और यहां के स्थानीय लोगों को डरा-धमका कर शोषण कर रहे थे। ये स्थल उनके सबसे सुरक्षित पनाहगाह थे। हमने माओवादियों की माँद में घुसकर उन पर हमले का निर्णय लिया। हमारे सुरक्षाबलों के जवानों के अदम्य साहस से हमने इन माओवादियों का मुकाबला किया और उनको धूल चटाई। बीते एक साल में विभिन्न मुठभेड़ों में हमारे सुरक्षाबलों ने 230 से अधिक माओवादियों को मार गिराया है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने सुकमा जिले के मिनी स्टेडियम में विकास कार्यों के लोकार्पण शिलान्यास के अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा कि जिस पावन भूमि पर भगवान श्रीराम के पुण्य चरणों का स्पर्श हुआ। उस भूमि का मैं सादर अभिनंदन करता हूँ।माओवादी हिंसा ने बस्तर संभाग के साथ ही सुकमा जिले को भी हिंसा की आग में झोंक दिया था। इससे सुकमा जिले का विकास बुरी तरह प्रभावित हुआ था।एक साल में हमारी सरकार ने सुकमा जिले के विकास के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये और इस पर तेजी से क्रियान्वयन किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इसी कड़ी में आज हमने यहां 205 करोड़ रुपए के 137 कार्यों का लोकार्पण-भूमिपूजन किया है।इन कार्यों में 39 करोड़ रुपए की राशि के 82 कार्यों का लोकार्पण एवं 166 करोड़ रुपए के 55 कार्यों का भूमिपूजन शामिल है। इन कार्यों में सबसे महत्वपूर्ण कार्य सुकमा नगरपालिका में 83 करोड़ रुपए की लागत से जल प्रदाय योजना का भूमिपूजन है। इसके साथ ही 14 करोड़ रुपए की राशि से केरलापाल से पोंगाभेज्जी मार्ग के निर्माण का भूमिपूजन भी हमने किया। उन्होंने कहा कि सुकमा में खेल अधोसंरचना बेहतर हो, इसके लिए 11 करोड़ रुपए की लागत से हम स्पोर्ट्स कांप्लेक्स बनाने जा रहे हैं। इसका भी हमने आज भूमिपूजन किया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि सुनियोजित रणनीति के तहत हमने माओवाद प्रभावित इलाकों में कैंपों का विस्तार किया और सुरक्षा का नेटवर्क विस्तृत किया।अब माओवादी बहुत सीमित इलाके में सिमट गये हैं और बौखलाहट में हैं। इसके चलते वे कायराना हरकत कर रहे हैं।

## नगरीय निकाय चुनाव को लेकर निर्वाचन आयोग का बड़ा फैसला, जानिए कब से लग सकती है आचार संहिता

**रायपुर( समय दर्शन )।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह की अध्यक्षता में आज यहां राज्य निर्वाचन आयोग कार्यालय नवा रायपुर, अटल नगर में कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारियों की अहम बैठक आयोजित की गई। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई इस बैठक में नगरीय निकाय और त्रि-स्तरीय पंचायत चुनावों की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में रिटर्निंग ऑफिसर (आर ओ) और सहायक रिटर्निंग ऑफिसर (ए आर ओ) की नियुक्ति को लेकर निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह द्वारा निर्देशित किया गया कि नगरीय निकाय एवं त्रि-स्तरीय पंचायतों के लिए अलग-अलग नियुक्ति की जाय। इसके साथ ही, निर्वाचन प्रक्रिया के लिए निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन निर्धारित तिथि 15 जनवरी को सुनिश्चित करने कहा गया। इसके लिए सभी आवश्यक तैयारी समय सीमा में करने निर्देशित किया गया। बैठक में चुनावों में इस्तेमाल की जाने वाली इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) की प्रथम स्तरीय जांच (एफ़एलसी) पर भी विस्तार से चर्चा हुई। निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने कहा कि नगरीय निकाय निर्वाचन ई व्ही एम से कराए जाने की तैयारी की जा रही है। उन्होंने कहा की एफएल सी हेतु एक प्रभारी अधिकारी की नियुक्ति की जाए तथा इस कार्य हेतु आवश्यक कर्मचारी उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि एफएल सी कार्यक्रम की सूचना लिखित में जिले के सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराया जाए तथा यह सुनिश्चित करें कि एफएल सी की प्रक्रिया प्रतिदिन समय पर प्रारंभ हो एवं निर्धारित तिथि तक पूर्ण कर ली जाए। बैठक में सभी जिलों के कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, राज्य निर्वाचन आयोग की उप सचिव डॉ. नेहा कपूर, डॉ. अनुप्रिया मिश्रा एवं आलोक कुमार श्रीवास्तव, उप जिला निर्वाचन अधिकारी और एसडीएम सहित सभी संबंधित अधिकारीगण उपस्थित थे। आयोग के सचिव डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने बताया कि वर्ष 2014 के नगरीय निकाय आम निर्वाचन, राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा ईव्हीएम के माध्यम से संपन्न कराया गया था। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा उपयोग किए जाने वाले ईव्हीएम मल्टी वोट मल्टी पोस्ट प्रकार की है।


## उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने की तकनीकी शिक्षा और रोजगार विभाग की समीक्षा, सीजीआईटी के कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश




**रायपुर( समय दर्शन )।** उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग की समीक्षा की. इस दौरान उन्होंने आगामी सत्र से 5 स्थानों में स्थापित होने वाले छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी (सीजीआईटी) के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए. यह संस्थान आईआईटी की तर्ज पर संचालित होंगे और युवाओं को उ%च गुणवत्ता वाली तकनीकी शिक्षा प्रदान करेंगे. छत्तीसगढ़ के पांच स्थानों नवा रायपुर, कबीरधाम, जगदलपुर, रायगढ़ और जशपुर में छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (सीजीआईटी) की स्थापना की दिशा में कार्य किया जा रहा है. उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार का उद्देश्य युवाओं को आधुनिक शिक्षा और तकनीकी प्रशिक्षण से जोड़ना है, ताकि वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकें. इसके साथ ही उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से गुजरात की तर्ज पर स्टूडेंट स्टार्टअप इनोवेशन पॉलिसी लागू करने की तैयारी करने को कहा. इसके साथ ही रोजगार एप के जरिए बेरोजगार युवाओं को रोजगार दिए जाने और अग्निवीर योजना में आगामी भर्ती के लिए शिविर का आयोजन करने के निर्देश दिए. सरकार की दूरगामी योजना के तहत किए जा रहे कार्यों को ध्यान में समीक्षा बैठक में अनेक जरूरी निर्णय लिए गए. इसके अलावा मंत्री ने बौद्धिक संपदा अधिकारों के संरक्षण के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी करने के निर्देश दिए. बैठक में अपर मुख्य सचिव एस भारतीदासन और संचालक तकनीकी शिक्षा विभाग ऋतुराज रघुवंशी के अलावा अन्य विभागीय अधिकारी भी शामिल रहे.

## मंत्री देवांगन की पीड़ित महिलाओं से अभद्रता यही है सुशासन?: सुशील आनंद शुक्ला

**रायपुर( समय दर्शन )।** भाजपा सरकार के मंत्री लखन लाल देवांगन द्वारा महिलाओं से की गयी अभद्रता तथा उनको दी गयी धमकी की कड़ी निंदा करते हुये प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि यही है विष्णु का सुशासन जहां मंत्री पीड़ित महिलाओं को धमकाते है तथा पुलिस बुलाकर उठवा लेने की धौंस न सिर्फ दिखाते है, महिलाओं के खिलाफ पुलिस से झूठा एफआईआर भी दर्ज करवा दिया। मंत्री लखनलाल देवांगन द्वारा महिलाओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाने का निर्देश देना, यह सत्ता का दुरूपयोग है। कांग्रेस पार्टी इस घटना की कड़ी निंदा करती है। मुख्यमंत्री से मांग करते है इस दुर्व्यवहार के लिये मुख्यमंत्री, मंत्री लखनलाल देवांगन को तत्काल बर्खास्त करे। इन महिलाओं की



बदौलत तथा छत्तीसगढ़ के वोटरों की बदौलत भाजपा सरकार में आयी है। महिलाएं अपनी बात रख रही है, उनकी बात सुनने के बजाय उनको धमका रहे है और पुलिस का दुरूपयोग कर रहे है। जिन पुलिस अधिकारियों ने इन महिलाओ के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया उनको तुरंत बर्खास्त किया जाये। सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि दुर्भाग्यजनक है कि मंत्री के गृह जिले में महिलाएं ठगी का शिकार हुई है, फ्लोरा मैक्स कंपनी पर कार्यवाही करवाने तथा महिलाओं को न्याय दिलाने के बजाय मंत्री पीड़ित महिलाओं को ही धमकाने लगे। लखन लाल देवांगन ऐसा बर्ताव कर रहे है जैसे वे छत्तीसगढ़ की जनता के नहीं मैक्स फ्लोरा कंपनी के प्रतिनिधि के तौर पर मंत्री बने है। उन्होंने कहा कि जाल साज कंपनी मैक्स फ्लोरा के खिलाफ एफआईआर होने के बजाय पीड़ित महिलाओं पर एफआईआर विष्णु के कुशासन में ही संभव है। महिलाएं न्याय मांगने आंदोलन कर रही है उनको न्याय देने के बजाय भाजपा सरकार उन पर ही अत्याचार कर रही है। भाजपा जाल साज कंपनियों की पोषक और संरक्षक रही है।

## सिम्बायोसिस इंटरनेशनल (डीम्ड युनिवर्सिटी) ने एंट्रेंस टेस्ट: SET 2025 & amp; SITEEE 2025 के माध्यम से अंडर ग्रेजुएट प्रोग्रामों के लिए आवेदन आमंत्रित किए

**नईदिल्ली।** अकादमिक उत्कृष्टता के लिए विश्वस्तर पर मान्यता प्राप्त संस्थान सिम्बायोसिस इंटरनेशनल (डीम्ड युनिवर्सिटी) (एसआईयू) ने सिम्बायोसिस एंट्रेंस टेस्ट (SET) और एसआईटी इंजीनियरिंग एंट्रेंस एक्ज़ाम (SITEE) 2025 के माध्यम से अपने अंडरग्रेजुएट प्रोग्रामों के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। उम्मीदवार 12 अप्रैल 2025 तक ऑफि शियल पोर्टल के ज़रिए अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। इस टेस्ट में उम्मीदवारों को दो मौके मिलते हैं, जिसमें उनके सर्वश्रेष्ठ स्कोर को वैद्य माना जाता है। प्रवेश परीक्षा 5 मई 2025 और 11 मई 2025 को होगी, परिणामों की घोषणा 22 मई 2025 को की जाएगी। सिम्बायोसिस एंट्रेंस टेस्ट (SET) और एसआईटी इंजीनियरिंग एंट्रेंस एक्ज़ाम (SITEEE) एक घण्टे की कम्प्यूटर- आधारित प्रवेश परीक्षा है जो विभिन्न विषयों में छात्रों के एप्टीट्यूड का मूल्यांकन करती है। हर परीक्षा में उम्मीदवारों को दो अटेम्प्ट मिलते हैं। भारत के 80 शहरों में आयोजित होने वाली यह परीक्षा बड़ी संख्या में छात्रों के लिए सुलभ है। सिम्बायोसिस एंट्रेंस टेस्ट (SET) में जनरल इंग्लिश, क्वांटिटेटिव एप्टीट्यूड, जनरल अवेयरनैस और एनालिटिकल एवं लॉजिकल रीज़निंग का मूल्यांकन किया जाता है। वहीं एसआईटी इंजीनियरिंग एंट्रेंस एक्ज़ाम (SITEEE) परीक्षा इंजीनियरिंग के उम्मीदवारों के लिए है जो फ़िज़िक्स, कैमिस्ट्री और मैथेमेटिक्स में छात्रों की क्षमता का मूल्यांकन करती है।

जम्मू और कश्मीर के गंदेरबल में नवनिर्मित ज़ेड-मोड़ सुरंग का एक दृश्य.




## रेनबो चिल्ड्रंस हार्ट इंस्टीट्यूट ने 27 सप्ताह के फीटल (भ्रूण) पर डिवाइस क्लोजर के साथ दुनिया का पहला सफल फीटल एओर्टिक वाल्वुलोप्लास्टी किया

**रायपुर।** मेडिकल के क्षेत्र में एक शानदार सफलता हासिल करते हुए, रेनबो चिल्ड्रेन्स हार्ट इंस्टीट्यूट, एक्सक्लूसिव पीडियाट्रिक हार्ट सेंटर में डॉक्टरों की एक मल्टी-डिस्प्लनरी टीम ने 27 सप्ताह के भ्रूण पर फीटल बैलून एओर्टिक वाल्वुलोप्लास्टी को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। इस मामले में महिला, जो कि एक गंभीर एओर्टिक स्टेनोसिस से पीड़ित थी, के भ्रूण को सही समय पर सटीक इंटरवेंशन से जीवित बचा लिया गया। इस उपलब्धि को अभूतपूर्व बनाने वाली बात यह है कि पंचर साइट को एक डिवाइस का उपयोग करके बंद किया गया था, एक नई और प्रमुख एप्रोच है, जिसे विश्व स्तर पर अपनी तरह का पहला माना जाता है। इस पूरे प्रोसिजर का नेतृत्व डॉ. कोनेती नागेश्वर राव, चीफपीडियाट्रिक कार्डियोलॉजिस्ट, डॉ. श्वेता बाखरू, पीडियाट्रिक कार्डियोलॉजिस्ट और डॉ. श्री फणी भार्गवी धुलिपुडी, पीडियाट्रिक कार्डियोलॉजिस्ट ने किया। साथ ही, फीटल मेडिसन स्पेशलिस्ट्स, पीडियाट्रिक कार्डियोलॉजिस्ट्स, इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट्स और प्रसूति विशेषज्ञों की एक मल्टी-डिस्प्लनरी टीम ने रेनबो चिल्ड्रंस हार्ट इंस्टीट्यूट में अत्याधुनिक तकनीक और इंफ्रास्ट्रक्चर का पूरी तरह से समर्थन किया। इस सफलता पर, डॉ. कोनेती नागेश्वर राव, चीफपीडियाट्रिक कार्डियोलॉजिस्ट, रेनबो चिल्ड्रंस हार्ट इंस्टीट्यूट ने कहा कि यह उपलब्धि फीटल मेडिसन की सीमाओं को आगे बढ़ाने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। ऐसे नाजुक और अधिक जोखिम वाले माहौल में क्लोजर डिवाइस का सफल उपयोग जन्म से पहले ही जीवन बचाने में इनोवेशन और टीम वर्क की ताकत को प्रदर्शित करता है।

# ओबीसी आरक्षण पर सियासी घमासान: भूपेश ने साधा विष्णु सरकार पर निशाना

**रायपुर( समय दर्शन )।** ओबीसी आरक्षण को लेकर सियासी घमासान तेज हो गया है। सभी जिलों में आरक्षण की प्रक्रिया पूरी हो गई है और आरक्षण की सूची सामने आने के साथ ही इस पर राजनीति गरमा गई है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस मामले में राज्य सरकार पर निशाना साधा है। भूपेश बघेल ने इसे विष्णु के सुशान में बड़ा अन्याय करार दिया है। बता दें कि प्रदेश के 33 में से एक भी जिला पंचायत अध्यक्ष का पद ओबीसी को नहीं मिला है। 33 में से 16 जिला पंचायत एसटी और 5 एससी के हिस्से में गया है। वहीं, बाकी 13 जिला पंचायत सामान्य वर्ग के खाते में गया है। इसी को लेकर पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने राज्य सरकार पर निशाना साधा है। पूर्व सीएम ने कहा कि जैसा कि मैंने शंका ज़ाहिर की थी



उसी के अनुरूप जिला पंचायत में ओबीसी के लिए एक भी सीट आरक्षित नहीं है। यह पचास प्रतिशत आबादी वाले ह्लक्ष्ट समुदाय के साथ विष्णु के सुशासन का बड़ा अन्याय है। पूर्व सीएम ने सोशल मीडिया में पोस्ट किया है कि आख़िर वही हुआ जिसकी आशंका मैंने व्यक्त की थी। पूरे प्रदेश में एक भी ज़िले में अब पिछड़े वर्ग के ज़िला पंचायत अध्यक्ष के लिए पद आरक्षित नहीं होगा। जिस प्रदेश में लगभग पचास प्रतिशत आबादी पिछड़े वर्ग की है वहां उनको कोई आरक्षण न देना भाजपा की सोच ही हो सकती थी। इस सूची को रद्द कर नई संशोधित सूची जारी करनी चाहिए।

## साय सरकार की लापरवाही के कारण आयुष्मान योजना बंद : कांग्रेस



**रायपुर( समय दर्शन )।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि जब से भारतीय जनता पार्टी की सरकार छत्तीसगढ़ में आयी है, स्वास्थ्य सेवा बुरी तरह से बदहाल हो चुका है। आयुष्मान स्वास्थ्य योजना के तहत मरीजों को नि:शुल्क उपचार देने वाले अस्पतालों का 1500 करोड़ से ज्यादा का भुगतान लंबित है। प्रदेश के कई छोटे-बड़े अस्पताल मरीजों के इलाज से हाथ खड़े करने लगे हैं और तरह-तरह के बहाने बनाकर मरीजों को बिना इलाज़ के लौटा रहे हैं। कई अस्पताल आधा भुगतान नगद लेन की शर्त पर ही मरीजों का इलाज कर रहे हैं। छोटे और मंझोले अस्पताल जो ज्यादातर आयुष्मान कार्ड के भरोसे ही इलाज पर निर्भर थे, वहां तालाबंदी की स्थिति बन चुकी है। भारतीय जनता पार्टी की सरकार में स्वास्थ्य सहायता योजना का सरकारी अस्पतालों का भी भुगतान नहीं हुआ है, इसके चलते स्वास्थ्य सुविधा बुरी तरह चरमरा गया है। भाजपा सरकार का फोकस केवल कमीशनखोरी और भ्रष्टाचार में है। साय सरकार में प्रदेश में दम तोड़ रही है स्वास्थ्य व्यवस्था से इलाज के अभाव में जनता बेमौत मरने मजबूर है। दीपक बैज ने कहा कि भाजपा सरकार के आर्थिक कुप्रबंधन और भ्रष्टाचार के कारण प्रदेश की स्वास्थ्य सुविधा बदहाल हो गयी। भाजपा सरकार के राज में विकास कार्य तो दम तोड़ ही रहे थे। अब पैसों के आभाव में मरीजों के जीवन पर खतरा मंडरा रहा है उनका ईलाज नहीं हो पा रहा है। कांग्रेस पार्टी मांग करती है कि सरकार आयुष्मान कार्ड का भुगतान कर मरीजों के इलाज की सुविधा बहाल करें। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार ने छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य का इंफ्रास्ट्रक्चर 2018 की तुलना में ढाई गुना बेहतर विकसित किया था। सभी जिला अस्पतालों को मल्टी स्पेशलिटी हास्पिटल के तौर पर विकसित किया था। ब्लॉक के अस्पतालों में भर्ती की सुविधाएं विकसित की थी। अधिकांश जिला अस्पताल में डायलिसिस और क्रिटिकल केयर यूनिट शुरू किए गए थे। 25 लाख तक की मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना छत्तीसगढ़ में संचालित थी। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने छत्तीसगढ़ में 4000 से अधिक नियमित पदों पर डॉक्टर, नर्स, तकनीशियन और सहायक कर्मचारी की भर्तियां की। मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य सहायता योजना, हाट बाजार क्लिनिक, मोहल्ला क्लीनिक, दाई दीदी क्लिनिक, हमर अस्पताल और हमर लैब स्थापित किया था लेकिन अब सरकार बदलते ही विगत 11 महीनों के भीतर छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य सुविधा बदहाल हो चुका है।रनी चाहिए।

## संपादकीय

### लोगों का प्रति महीने उपभोग खर्च बढ़ा

बढ़े उपभोग खर्च में महंगाई की भी एक भूमिका है। सरकार की ओर से मासिक उपभोग खर्च के बारे में जारी आंकड़ों से आंकना कठिन है कि कितना उपभोग बढ़ा और कितनी वृद्धि उपभोग की चीजों की महंगाई के कारण हुई। मासिक प्रति व्यक्ति उपभोग सर्वेक्षण (एमपीसीई) रिपोर्ट तो कुछ पहले आई थी, लेकिन अब केंद्र ने इसकी एक तथ्य तालिका जारी की है। इसमें भी वही दिखाने की कोशिश है कि अगस्त 2023 से सितंबर 2024 की अवधि में उसके पहले वाले वर्ष की तुलना में लोगों का प्रति महीने उपभोग खर्च बढ़ा। स्पष्टत- सरकार इसे शहर से गांवों तक में आय और खुशहाली बढने् के प्रमाण के रूप में पेश किया है। मगर जो सवाल सर्वे रिपोर्ट जारी होने के समय उठे, उनका कोई जवाब नहीं दिया गया है। विशेषज्ञों ने ध्यान दिलाया है कि सबसे ज्यादा खर्च खाद्य पदार्थों पर बढ़ा। जिस अवधि में यह सर्वे हुआ, उसमें खाद्य मुद्रास्फीति की दर ऊंची रही। फिर पुराने सर्वेक्षणों की तुलना में सर्वे विधि में जो परिवर्तन किए गए, उन्हें ध्यान में रखते हुए यह आंकना और मुश्किल हो गया है कि लोगों के उपभोग पैटर्न में सचमुच कितना बदलाव आया। खुद ताजा रिपोर्ट से ही जाहिर हुआ कि टॉप 10 प्रतिशत आबादी के उपभोग में पर्याप्त वृद्धि हुई, जबकि सबसे निचली पांच फीसदी आबादी के वास्तविक खर्च में बढ़ोतरी मद्धम रही। निचली आर्थिक श्रेणी की आबादी में जो वृद्धि दिखती है, उसमें बड़ा योगदान सरकार की तरफ से दिए जा रहे पांच किलो अनाज और प्रत्यक्ष नकदी हस्तांतरण योजनाओं का है। जाहिर है, इसे कमाई से होने वाली आमदनी की स्थिति में सुधार नहीं कहा जा सकता। एक अन्य तथ्य यह सामने आया है कि ग्रामीण इलाकों में जो उपभोग खर्च बढ़ा, खाद्य के अलावा उसका सबसे बड़ा हिस्सा इलाज, परिवहन, वस्त्र और जूते-चप्पल के हिस्से में गया। इन चीजों की लागत में भी महंगाई की एक भूमिका है। इसलिए आंकना कठिन है कि कितना उपभोग बढ़ा और कितनी वृद्धि पहले जितनी चीजों की महंगाई के कारण हुई। ये सारे उल्लेख सरकार की नकारात्मक छवि बनाने के लिए नहीं किए जा रहे हैं। मगर अपने आंकड़ों को लेकर विश्वास का संकट खुद सरकार ने खड़ा किया है। वह सभी दायरों के विशेषज्ञों को लेकर संवाद और विश्लेषण के लिए तैयार हो, तो अविश्वास का हल निकल सकता है। क्या सरकार ऐसा करेगी?

# चुनावी जीत की नई इबारत लिखती महिला मतदाता

**ललित गर्ग**



चुनावों में विभिन्न राजनीतिक दल महिलाओं को लुभाने के लिये आकर्षक कल्याणकारी योजनाओं एवं मुफ्त की सुविधाएं देने की बढ़-चढ़ कर घोषणाएं करने लगे हैं। महिलाओं को ध्यान में रखकर बनाई गईं कल्याणकारी योजनाएं एवं मुफ्त की सुविधाएं अब गेमचेंजर बन रही हैं। महिलाओं के खाते में सीधे नगद ट्रांसफर की जाने वाली स्कीम तो भारत की राजनीति में वोट बटोरने का एक जांचा-परखा एवं सशक्त माध्यम बन गया है। यूं तो लम्बे समय से महिलाओं को लेकर तरह-तरह की घोषणाएं होती रही है लेकिन मध्य प्रदेश में इस योजना की कामयाबी के बाद यही कहानी महाराष्ट्र, हरियाणा और झारखण्ड में दोहरायी गयी है। जिससे चुनावों में लगातार महिला मतदाताओं का उत्साह बढ़ता जा रहा है और किसी की दल की जीत हार में उसकी भूमिका भी स्पष्ट होती जा रही है। इसी विषय को लेकर एसबीआई रिसर्च रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि महिला केंद्रित योजनाओं के कारण इन महिला मतदाताओं की संख्या में बड़ा इजाफा हुआ है। भारत के चुनाव आयोग द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक 2014 में कुल मतदाता 83.4 करोड़ थे, जो 2024 में बढ़कर 97.8 करोड़ हो गये हैं। इसमें महिला मतदाता की संख्या सबसे ज्यादा बढ़ी है। एसबीआई रिसर्च टीम की रिपोर्ट के मुताबिक देश में अब 100 पुरुष मतदाताओं पर 95 महिला मतदाता की संख्या है। पिछले दस वर्षों में जिन नौ करोड़ नये वोटरों ने वोट दिया, उसमें महिलाओं की हिस्सेदारी 5.3 करोड़ है। महिलाओं का मतदान के प्रति बढ़ता रूझान लोकतंत्र की मजबूती के लिये एक शुभ संकेत है।

नये अध्ययन से यह भी खुलासा हुआ है कि महिला साक्षरता में वृद्धि हुई है जिसका सीधा असर महिला मतदाताओं की संख्या बढ़ने से है। महिला साक्षरता में एक फीसदी की वृद्धि से महिला मतदाताओं की संख्या में पच्चीस फीसदी तक का इजाफा हो सकता है। दिलचस्प पहलू यह भी कि एससी और एसटी वर्ग में मतदान में लगातार इजाफा हुआ, वहीं सामान्य वर्ग में कम हुआ। अब सरकारें बनाने में महिला मतदाताओं की भूमिका लगातार बढ़ती एवं निर्णायक होती जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने तीन बार के शासनकाल में विकास पर जोर देने के साथ-साथ महिला उत्थान पर भी बहुत ज्यादा ध्यान दिया। महिलाओं को हर क्षेत्र में प्रोत्साहन मिल रहा है, स्वतंत्र पहचान मिल रही है और वे राजनीति के साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा, क्षमता एवं कौशल का लोहा मनवा रही है। मोदी सरकार ने 27 साल से भी ज्यादा इंतजार के बाद पहली बार महिला आरक्षण बिल लोकसभा और राज्यसभा दोनों से पारित कराया। इस बीच मोदी सरकार ने महिलाओं को लेकर बनाई गई योजनाओं का नाम भी ऐसे रखा, जो सीधे महिलाओं के दिल को छू रही है। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के जरिए महिलाओं को गैस सिलिंडर देना, जनधन योजना के तहत खाता खुलवाना, मुस्लिम महिलाओं को लेकर तीन तलाक को कानूनी रूप से खत्म करना जैसे विधेयक ने जहां प्रधानमंत्री मोदी के कद को बढ़ाया वही महिलाओं की राजनीति में सक्रियता एवं मतदान में अधिक हिस्सेदारी को नये पंख दिये हैं। इन योजनाओं से 20 करोड़ से भी ज्यादा महिलाओं, 5 करोड़ से ज्यादा स्कूलों छात्राओं और 11 करोड़ से ज्यादा कामकाजी महिलाओं को लाभ पहुंचा है।

अब महिलाएं राजनीति एवं राजनेताओं के वजूद को बनाने में महत्वपूर्ण हो गयी है। मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र व झारखंड में सत्तारूढ़ दलों की चुनावों के बाद फिर वापसी में महिला मतदाताओं की भूमिका निर्णायक रही। मध्यप्रदेश में लाडली बहन, महाराष्ट्र में माझी लाडकी बहिन व झारखंड में मंईयां सम्मान योजना इसके उदाहरण हैं। इसी तरह पश्चिम बंगाल में लक्ष्मी भंडार, कर्नाटक में गृहलक्ष्मी, ओडिशा में शुभद्रा योजना तथा असम में मुख्यमंत्री महिला उद्यमिता योजना सामने आई है। यह होड़ आगामी दिल्ली विधानसभा चुनावों में भी नजर आ रही है। एक ओर जहां आप सरकार ने महिला वोटरों के लिये महिला सम्मान योजना के तहत 2100 रुपये देने का वायदा किया, वहीं कांग्रेस ढाई हजार रुपये देने की योजना बना रही है। इस दिशा में भाजपा भी गंभीर है। दरअसल, दिल्ली में महिला वोटरों का प्रतिशत पुरुष वोटरों के पास पहुंच गया है। कहा जाता है कि साल 2020 के चुनावों में महिला मतदान ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। लेकिन जरूरत इस बात की है कि महिलाओं से जुड़ी योजनाएं एवं उन्हें दी जाने वाली मुफ्त सुविधाएं सत्ता प्राप्ति या वोट हासिल करने का स्वार्थी हथियार न होकर स्थायी प्रभाव व महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का जरिया हो। उल्लेखनीय तथ्य है कि जब किसी राज्य में महिलाओं का विकास हुआ है तो वे अपने लोकतांत्रिक अधिकारों के प्रति अधिक सजग हुई हैं। उन्हें सरकारों की मुफ्त की स्कीमें भी खूब लुभा रही हैं। एसबीआई की रिसर्च रिपोर्ट बताती है कि महिला केंद्रित योजना लागू करने वाले राज्यों की संख्या 19 हो गई है। जिसमें महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, असम व कर्नाटक जैसे राज्य अग्रणी हैं। इन राज्यों में औसतन 7.8 लाख (कुल 1.5 करोड़) महिला वोटरों की संख्या में इजाफा हुआ है। केन्द्र एवं राज्यों की महिला कल्याणकारी योजनाओं के कारण महिला मतदान बढ़ा है, जिनमें 45 लाख महिलाएं साक्षरता में वृद्धि के कारण मतदाता बनी हैं, 36 लाख महिलाएं रोजगार और मुद्रा योजना की वजह से मतदान किया है, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर का मालिक बनने के कारण 20 लाख महिलाएं मतदान के लिए गई थी और वहीं 21 लाख महिलाएं स्वच्छता, बिजली और पानी की पहुंच में सुधार के कारण मतदान के लिये अग्रसर हुई।

चुनाव के दौरान नेताओं एवं राजनीतिक दलों के द्वारा किए गए मुफ्त सुविधाओं के वादों को केवल राजनीतिक दृष्टि से ही नहीं देखा जाना चाहिए, बल्कि इसके आर्थिक पक्ष पर भी विचार किया जाना चाहिए। पंजाब में महिलाओं को एक हजार रुपये देने के आम आदमी पार्टी की घोषणा के बावजूद यह राशि न देना महिलाओं को ठगना है, उनके सम्मान को आघात लगाना है। अगर इन वादो के लिए राज्य के पास अपर्याप्त धन और सीमित संसाधन हैं तो ऐसे वादो से बचना चाहिए। राज्यों द्वारा चुनावी फायेद के लिए की गई मुफ्त सुविधाओं की घोषणा के लिए राजस्व जुटाना मुश्किल हो जाता है। मुफ्त की योजनाओं से राज्य का आर्थिक ढांचा कमजोर हो सकता है क्योंकि दी जाने वाली सब्सिडी का राज्य की वित्तीय स्थिति पर प्रभाव पड़ेगा। अगर कोई सत्ताधारी दल, राजनीतिक लाभ के लिये सरकारी पैसे को मुफ्तखोरी पर खर्च करते हैं, तो इससे राज्य का वित्तिय ढांचा बिगड़ सकता है। राजनीतिक दलों द्वारा चुनाव के दौरान सार्वजनिक धन से मुफ्तखोरी और तर्कहीन वादे करना स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के लिए भी खतरा पैदा कर सकते हैं। मुफ्तखोरी की घोषणाएं स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की धारणा के खिलाफहै क्योंकि जाहिर तौर पर हर राजनीतिक दल की सार्वजनिक धन तक पहुंच नहीं होगी। मुफ्त के वादे को लेकर राजनीतिक विश्लेषकों का यह भी सवाल है कि यह प्रथा कैसे नैतिक है क्योंकि यह मतदाताओं को लुभाने के लिए एक तरह से रिश्वत देने के समान है। जानकारों का मानना है कि श्रीलंका के आर्थिक पतन का कारण वहां के राजनीतिक दलो द्वारा दिए गए मुफ्त उपहार रहे हैं। हालांकि गरीबों की मदद के लिए चिकित्सा, शिक्षा, पानी और बिजली जैसी आधारभूत जरुरतों और कुछ कल्याणकारी योजनाओं के लिए धन के व्यय को जायज ठहराया जा सकता है। इसी तरह महिलाओं के लिये कुछ योजनाएं रोजगार एवं आत्मनिर्भरता की दृष्टि से उपयोगी हो सकती है। लेकिन इन योजनाओं को वोट हथियाने का माध्यम बनाना लोकतंत्र के लिये शुभ नहीं है। केवल सत्ता प्राप्ति के लिए मुफ्त की राजनीति का खेल न खेलकर हमें स्वस्थ लोकतंत्र एवं उज्ज्वल चरित्र को बढ़ावा देना चाहिए। वोट पाने की खातिर लोकतंत्र की आत्मा को नष्ट नहीं किया जाना चाहिए।

# गौमाता सारे संसार की जननी समान

**विनीत नारायण**

जब से मुसलमान शासक भारत में आए तब से गौवंश की हत्या होनी शुरू हुई। हिन्दू लाख समझाते रहे कि गौमाता सारे संसार की जननी के समान है।

उसके शरीर के हर अंश में लोक कल्याण छिपा है और तो और उसके मूत्र-गोबर तक औषधियुक्त हैं, इसलिए उसकी हत्या नहीं, बल्कि पूजन किया जाना चाहिए पर यवनों पर असर नहीं पड़ा। आज भी मूर्खतावश बहुत से मुसलमान गौवंश की हत्या करते हैं। अक्सर यह दोनों धर्मो के बीच विवाद का विषय रहता है। अंग्रेज जब भारत में आए तो उन्होंने हिन्दुओं का मजाक उड़ाया। वे अपने सीमित ज्ञान के कारण समझने में असमर्थ थे कि हिन्दू गौवंश का इतना सम्मान क्यों करते हैं? आजादी के बाद धर्मनिरपेक्षता की राजनीति करने वालों ने भी इस हिन्दू मान्यता पर ध्यान नहीं दिया।

कुछ वर्ष पहले जब सूचना आई कि गौमूत्र का औषधि के रूप में अमेरिका में पेटेंट हो गया है, तो देश में सनसनी पैदा हो गई। योग और आयुर्वेद की तरह पूरी दुनिया जल्द ही गौमाता के महत्त्व को स्वीकारने लगेगी। हमेशा की तरह हम अपनी ही धरोहर को विदेशी पैकेज में कई गुना दामों में खरीदने पर मजबूर होंगे। जिस तरह पेप्सी कंपनी हमारे बाजारों से दो रुपये किलो आलू खरीद कर 250 रुपये किलो के चिप्स बेचती है वैसे ही आने वाले दिनों में गौमूत्र और गोबर सुंदर पैकेजिंग और आकषर्क विज्ञापनों के सहारे सैकड़ों रुपये कीमत पर बिकेगा। शास्त्रीय और वैज्ञानिक आधार पर सिद्ध हो चुका है कि गौमाता के शरीर के हर हिस्से से हम पर कृपा बरसती है।

अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त हृदय विशेषज्ञों ने जोर देकर कहा है कि हृदय रोगियों के लिए देशी गाय का दूध उपयोगी है। देशी गाय के दूध के कण सूक्ष्म और सुपाच्य होते हैं। मस्तिष्क की सूक्ष्मतम नाडियों में पहुंच कर मस्तिष्क को शक्ति प्रदान करते हैं। देशी गाय के दूध में केरोटीन (विटामिन-ए) नाम का पीला पदार्थ रहता है, जो नेत्र ज्योति बढ़ाता है। चरक सूत्र स्थान 1/18 के अनुसार, देशी गाय का दूध जीवन शक्ति प्रदान करने वाले द्रव्यों में सर्वश्रेष्ठ है। देशी गाय के दूध में 8 प्रतिशत प्रोटीन, 8 प्रतिशत कार्बोहाइड्रेट और 0.7 प्रतिशत मिनरल (100 आईयू) विटामिन ए और विटामिन बी, सी, डी एवं ई होता है। निघंटु के अनुसार देशी गाय का दूध रसायन, पथ्य, बलवर्धक, हृदय के लिए हितकारी, बुद्धिवर्धक, आयुप्रद, पुंसत्वकारक तथा त्रिदोष (वात, पित्त, कफ) नाशक है। गौघृत खाने से कोलेस्टरोल नहीं बढ़ता।

रूसी वैज्ञानिक शिरोविच के शोधानुसार देशी गाय के घी में मनुष्य शरीर में पहुंचे रेडियोधर्मी कणों का प्रभाव नष्ट करने की असीम शक्ति है। गौघृत से यज्ञ करने से ऑक्सीजन बनती है। देशी गाय के घी को चावल के साथ मिला कर जलाने से (यज्ञ) ईथीलीन ऑक्साइड, प्रोपीलीन ऑक्साइड और फोरमैल्डीहाइड नाम की गैस पैदा होती है। ईथीलीन ऑक्साइड और फारमैल्डीहाइड जीवाणी रोधक हैं, जिनका उपयोग ऑपरेशन थिएटर को कीटाणुरहित करने में होता है। प्रोपीलीन ऑक्साइड वष्रा करने के उपयोग में आती है अर्थात गौघृत द्वारा किए गए यज्ञ से वातावरण की शुद्धि और वष्रा होना स्वाभाविक परिणाम हैं। भाव प्रकाश निघंटु के अनुसार गौघृत नेत्र हितकारी, अग्निप्रदीपक, त्रिदोष नाशक, बलवर्धक, आयुवर्धक, रसायन, सुगंधयुक्त, मधुर, शीतल, सुंदर और सब घृतों में उत्तम होता है। गौमूत्र में ताम्र होता है जो मानव शरीर में स्वर्ण के रूप में परिवर्तित हो जाता है। स्वर्ण सर्व रोगनाशक शक्ति रखता है। स्वर्ण सभी प्रकार का विषनाशक है। गौमूत्र में ताम्र के अतिरिक्त लोहे, कैल्शियम, फास्फोरस और अन्य प्रकार के क्षार (मिनरल्स),कार्बोनिक एसिड, पोटाश और लेक्टोज नाम के तत्व मिलते हैं। गौमूत्र में 24 प्रकार के लवण होते हैं, जिनके कारण गौमूत्र से निर्मित विविध औषधियां कई रोगों के निवारण में उपयोगी हैं। गौमूत्र कीटनाशक होने से वातावरण को शुद्ध करता है और जमीन की उर्वरा शक्ति बढ़ाता है।

# 2050 तक शून्य कार्बन उत्सर्जन पर पहुंचने का लक्ष्य

**वीरेन्द्र कुमार पैन्यूली**

वर्ष 2015 का पेरिस जलवायु समझौता धरा के तापमान को औद्योगिक चरण के आने के पहले के स्तर से 2030 तक 2 डिग्री सेल्सियस कम करने के लिए हुआ था। चूंकि पृथ्वी की गर्मी बढ़ाते कुल गैसीय उत्सर्जनों में कार्बन डाई ऑक्साइड लगभग 70 प्रतिशत है। अत- ग्लोबल वार्मिग को 15 डिग्री से ग्रे तक सीमित रखने के लिए 2050 तक शून्य कार्बन उत्सर्जन पर पहुंचने का लक्ष्य भी वैश्विक स्तर पर अपना लिया गया है, परंतु विडंबना है, और कटु यथार्थ भी कि इसे पाने के औजार के रूप में एक ट्रेडिंग गतिविधि को महत्त्वपूर्ण माना जा रहा है।

इसी क्रम में 10-24 नवम्बर के बीच बाकू में कार्बन बाजार पर अंतरराष्ट्रीय मानक स्थापित करना बड़ी उपलब्धि माना गया है। कॉप-29 को तो वित्तीय कॉप भी कहा गया था और कार्बन ट्रेडिंग भी वित्तीय गतिविधि ही है। वायुमंडल में मौजूद कार्बन उत्सर्जनों को हटाने और नये कार्बन उत्सर्जनों को न पहुंचने देना प्रोत्साहित हो इसके लिए 2015 में पेरिस समझौते में स्पष्ट कर दिया गया था कि कार्बन को देशों या संस्थाओं के बीच खरीदा-बेचा जा सकता है। इस लेन-देन को कार्बन क्रेडिट के रूप में परिभाषित कर हस्तांतरणीय दस्तावेज बना कर स्थापित किया गया है। यूनाइटेड नेशंस के क्योटो प्रोटोकोल (1997) और फिर 2005 में कार्बन को खरीदने-बेचने या व्यापार की जा सकने योग्य सामग्री पहले ही करार दिया जा चुका था किंतु पेरिस समझौते के अंतर्गत जो एक नया ज्यादा सुदृढ़ कार्बन ट्रेडिंग फ्रेमवर्क बनाए जाने की आवश्यकता थी, वह शुरुआती हस्ताक्षर के बाद कॉप-29 में हो सका।

निस्संदेह इस अधूरे कार्य के रहते भी देशों के भीतर और देशों के बाहर कार्बन ट्रेडिंग हो रही थी किंतु एकरूप मानक न होने तथा पारदर्शिता के अभाव से अनेकों झूठे कार्बन क्रेडिटों का विश्व स्तर पर लेन-देन भी हो रहा था। ऐसे में लाखों और अरबों डॉलर के भ्रष्टाचार और धोखाधड़ी भी हुई। स्वैच्छिक कार्बन बाजार में सबसे ज्यादा कार्बन क्रेडिट वो हैं जो अवनत वनों के कार्बन अवशोषक के रूप में सुधार, पुर्नस्थापना के लिए दिए जाते हैं। किंतु ये सबसे ज्यादा विवादों में भी रहते हैं। वन स्थितियों की बेसलाइन में छेड़छाड़ से ज्यादा कार्बन ऑफसेट दिखाया जा सकता है। जितना कार्बन हटाने का क्रेडिट लिया था उतना कार्बन डाइअक्साइड तो उससे हटा ही नहीं था। कॉप-29 के पहले %नेचर' पत्रिका में ऐसी परियोजनाओं का अध्ययन प्रकाशित हुआ था, जिन्होंने करीब एक अरब टन कार्बन डाई ऑक्साइड के समतुल्य का कार्बन क्रेडिट कमाया था। उसमें से 15 प्रतिशत कार्बन ही कम किया था। अब खराब और अच्छे गुणवत्ता में कार्बन क्रेडिटों का वर्गीकरण या पहचान भी की जा रही है। कार्बन ट्रेडिंग में कार्बन क्रेडिटों के लेन-देन का व्यापार होता है। कार्बन क्रेडिट की एक इकाई एक मीट्रिक टन कार्बन डाइआक्साइड या उसके समतुल्य अन्य ग्रीन हाऊस गैसों को वायुमंडल से हटाने या उनको वायुमंडल में पहुंचने से रोकने पर दी जाती है। कार्बन ऑफसेट में कार्बन डाइआक्साइड या ग्रीन हाऊस गैसों को हटाया या पुनचर्क्रित किया जाता है। जो उद्यम अथवा प्रतिष्ठान उपकरणों, पद्धतियों या टैक्नोलॅजी के बदलावों से अपने कार्बन उत्सर्जन पहले की अपेक्षा कम कर देते हैं तो वे भी कार्बन क्रेडिट्स पाने के हकदार हो जाते हैं। अभी वैश्विक स्तर पर करीब दो अरब डॉलर का स्वैच्छिक कार्बन मार्केट है। यह एक खरब डॉलर तक भी पहुंच सकता है।


# ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस को मात दे पायेगा भारत ?

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

भारत को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन पहलों के माध्यम से निगरानी, निदान और त्वरित प्रतिक्रिया तंत्र को मजबूत करके मानव मेटान्यूमोवायरस जैसे उभरते वायरल खतरों से निपटने के लिए अपने नियामक ढांचे को बढ़ाना चाहिए। वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं के साथ-साथ वैक्सीन और एंटीवायरल अनुसंधान में निवेश से ऐसे प्रकोपों को कम करने में मदद मिलेगी। कमजोर आबादी की सुरक्षा और एचएमपीवी प्रसार को नियंत्रित करने के लिए स्वास्थ्य देखभाल बुनियादी ढांचे को मजबूत करना आवश्यक है। मानव मेटान्यूमोवायरस एक वैश्विक स्वास्थ्य चिंता के रूप में उभरा है, विशेष रूप से बच्चों, बुजुर्गों और प्रतिरक्षाविहीन व्यक्तियों जैसे कमजोर आबादी के लिए। पहली बार 2001 में पहचाना गया, मानव मेटान्यूमोवायरस दुनिया भर में महत्वपूर्ण श्वसन संक्रमण का कारण बनता है, जिससे अस्पताल में भर्ती होने और मृत्यु दर, विशेष रूप से कम आय वाले देशों में होती है। मानव मेटान्यूमोवायरस जैसे वायरल प्रकोपों के कारण बढ़ती चुनौतियाँ सामने आ रही हैं, प्रभावी प्रबंधन के लिए नियामक ढाँचों को मजबूत करना महत्वपूर्ण है। विशेष रूप से मौसमी प्रकोपों के दौरान अपने व्यापक प्रसार के कारण मानव मेटान्यूमोवायरस एक महत्वपूर्ण वैश्विक स्वास्थ्य चिंता बन गया है।

वायरस का प्रभाव क्षेत्रों में बढ़ने के कारण लोगों का ध्यान आकर्षित कर रहा है। चीन में, बढ़ी हुई निगरानी ने मानव मेटान्यूमोवायरसमामलों में वृद्धि का खुलासा किया है, विशेष रूप से बच्चों और बुजुर्गों में, जो पता लगाने की दरों में वृद्धि का संकेत देता है। हालाँकि पहली बार 2001 में पहचाना गया, मानव मेटान्यूमोवायरस ने दुनिया भर में बढ़ते श्वसन संक्रमण के कारण ध्यान आकर्षित किया है, जिससे अस्पताल में भर्ती होने और मृत्यु दर बढ़ रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट है कि मानव मेटान्यूमोवायरस वैश्विक स्तर पर अस्पताल में भर्ती होने वाले लोगों का 3त्न-10त्न हिस्सा है, जिसमें पाँच वर्ष से कम उम्र के बच्चों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

वायरस अक्सर फ्लू के मौसम में तेजी से फैलता है, जिससे श्वसन संक्रमण में वृद्धि होती है, जिससे यह मौसमी स्वास्थ्य खतरा बन जाता है। चीन में, फ्लू का मौसम मानव मेटान्यूमोवायरस के मामलों में वृद्धि के साथ मेल खाता है, जिससे अस्पताल में भर्ती होने और मीडिया कवरेज में वृद्धि होती है। वर्षों से प्रचलन में होने के बावजूद, भारत सहित कई देशों में मानव मेटान्यूमोवायरस के लिए व्यापक और



किफायती परीक्षण बुनियादी ढांचे का अभाव है। जबकि वैश्विक एजेंसियां मानव मेटान्यूमोवायरस की निगरानी करती हैं, फिर भी कई क्षेत्रों में इसका पता लगाने और रिपोर्ट करने में चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, जिससे शुरुआती हस्तक्षेप प्रभावित होते हैं। वायरस पाँच वर्ष से कम उम्र के बच्चों जैसे कुछ कमज़ोर समूहों को असमान रूप से प्रभावित करता है। मानव मेटान्यूमोवायरस छोटे बच्चों, विशेष रूप से पाँच वर्ष से कम उम्र के बच्चों को असमान रूप से प्रभावित करता है, जिन्हें गंभीर बीमारी और अस्पताल में भर्ती होने का अधिक जोखिम होता है। बुजुर्ग, विशेष रूप से वे जिन्हें पहले से कोई स्वास्थ्य समस्या है, मानव मेटान्यूमोवायरस संक्रमण से गंभीर परिणामों के प्रति अधिक संवेदनशील होते हैं। चीन में, बुजुर्गों में मानव मेटान्यूमोवायरस के मामलों में वृद्धि के कारण अस्पताल में भर्ती होने की संख्या बढ़ी है, जिससे वृद्ध आबादी की कमज़ोरी उजागर हुई है। कमज़ोर प्रतिरक्षा प्रणाली वाले लोगों को मानव मेटान्यूमोवायरस से गंभीर संक्रमण का अधिक जोखिम होता है, जिसके लिए गहन चिकित्सा देखभाल की आवश्यकता होती है।

एचएमपीवी के कारण होने वाली मौतें शिशुओं और प्रतिरक्षाविहीन लोगों सहित कमज़ोर समूहों में उल्लेखनीय रूप से अधिक हैं। पाँच वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए मृत्यु दर 1त्न है, जो विकसित और विकासशील दोनों देशों में उच्च जोखिम वाली आबादी पर वायरस के प्रभाव के बारे में चिंताएँ पैदा करती है। निम्न और मध्यम आय वाले देशों में, सीमित स्वास्थ्य सेवा पहुँच कमज़ोर आबादी के लिए गंभीर परिणामों के जोखिम को बढ़ाती है। इस तरह के वायरल प्रकोपों को प्रबंधित करने के लिए विनियामक ढाँचे और क्षमताओं को मज़बूत करने के उपाय डायग्नोस्टिक इंफ्रास्ट्रक्चर को मज़बूत करना है। भारत सरकारी और निजी दोनों क्षेत्रों में एचएमपीवी जैसे वायरस के लिए परीक्षण सुविधाओं का विस्तार करके अपनी नैदानिक क्षमताओं को बढ़ा सकता है। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद व्यापक, किफ़ायती एचएमपीवी परीक्षण सुनिश्चित करने के लिए निजी प्रयोगशालाओं के साथ सहयोग कर सकती है, जिससे शुरुआती पहचान और रोकथाम हो सके। भारत एक सुव्यवस्थित विनियामक मार्ग स्थापित करके नैदानिक परीक्षणों के लिए अनुमोदन प्रक्रिया में तेज़ी ला सकता है जो सार्वजनिक स्वास्थ्य आपात स्थितियों के दौरान परीक्षणों को तेज़ी से मंज़ूरी देता है। भारतीय औषधि महानियंत्रक अंतर्राष्ट्रीय मानकों को पूरा करने वाले डायग्नोस्टिक किट के लिए आपातकालीन स्वीकृति तंत्र लागू कर सकता है। वास्तविक समय में श्वसन संक्रमण की निगरानी, रुझानों और मानव मेटान्यूमोवायरस जैसे उभरते खतरों पर नज़र रखने के लिए एक मजबूत राष्ट्रीय निगरानी प्रणाली विकसित की जा सकती है।

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय सभी राज्यों में वास्तविक समय मानव मेटान्यूमोवायरस ट्रैकिंग को शामिल करने के लिए एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम का विस्तार कर सकता है। भारत मानव मेटान्यूमोवायरस के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य अभियान शुरू कर सकता है, रोकथाम के तरीकों और लक्षणों को पहचानने पर ध्यान केंद्रित कर सकता है, खासकर कमजोर आबादी के बीच। स्वास्थ्य मंत्रालय मानव मेटान्यूमोवायरस जैसे श्वसन संक्रमण के लक्षणों को पहचानने के लिए, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में सूचना अभियान चलाने के लिए मीडिया और गैर सरकारी संगठनों के साथ साझेदारी कर सकता है।

अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को मजबूत करें: भारत वायरल प्रकोपों के प्रबंधन के लिए सूचना और संसाधनों को साझा करने के लिए अपने वैश्विक सहयोग को बढ़ा सकता है, जिससे उभरते रोगजनकों के लिए समय पर प्रतिक्रिया सुनिश्चित हो सके। भारत को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन पहलों के माध्यम से निगरानी, निदान और त्वरित प्रतिक्रिया तंत्र को मजबूत करके मानव मेटान्यूमोवायरस जैसे उभरते वायरल खतरों से निपटने के लिए अपने नियामक ढांचे को बढ़ाना चाहिए। वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं के साथ-साथ वैक्सीन और एंटीवायरल अनुसंधान में निवेश से ऐसे प्रकोपों को कम करने में मदद मिलेगी। कमजोर आबादी की सुरक्षा और एचएमपीवी प्रसार को नियंत्रित करने के लिए स्वास्थ्य देखभाल बुनियादी ढांचे को मजबूत करना आवश्यक है।



# मकर संक्रांति के दिन क्यों बनाई जाती है खिचड़ी ? जानें क्या है परंपरा

मकर संक्रांति हिंदू धर्म का बहुत विशेष और महत्वपूर्ण त्योहार है। भगवान सूर्य के मकर राशि में प्रवेश के बाद ये त्योहार मनाया जाता है। मकर संक्रांति पर पवित्र नदियों में स्नान और दान की परंपरा सदियों से चली आ रही है। हिंदू धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, मकर संक्रांति पर स्नान और दान से पुण्य फलों की प्राप्ति होती है।

### कल है मकर संक्रांति का पर्व


कल 14 जनवरी है। भगवान सूर्य कल मकर राशि में प्रवेश करने जा रहे हैं। भगवान सूर्य का मकर राशि में प्रवेश कल सुबह 9 बजकर 3 मिनट पर होगा। ऐसे में कल मकर संक्रांति का पर्व है। मकर संक्रांति पर स्नान और दान के साथ-साथ खिचड़ी बनाकर खाने की परंपरा भी है। आइए जानते हैं कि मकर संक्रांति पर खिचड़ी क्यों बनाई जाती है। इसके पीछे की परंपरा क्या है।

### मकर संक्रांति पर क्यों बनाई जाती है खिचड़ी?

मकर संक्रांति पर खिचड़ी बनाने और खाने की पंरपरा का उल्लेख कई प्राचीन धार्मिक ग्रंथों में मिलता है। हिंदू मान्यताओं के अनुसार, खिचड़ी भगवान सूर्य और शनि देव से जुड़ी है। मान्यता है कि मकर संक्रांति पर खिचड़ी बनाने और खाने से घर में सुख-समृद्धि आती है। दाल, चावल और हरी सब्जियों को मिलाकर खिचड़ी बनाई जाती है। इसलिए खिचड़ी को पौष्टिक आहार माना जाता है। खिचड़ी खाने से सर्दियों में एनर्जी मिलती है। साथ ही शरीर गर्म रहता है। मकर संक्रांति पर खिचड़ी का दान करना भी बहुत शुभ माना जाता है।

### खिचड़ी का क्या है महत्व?

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, खिचड़ी के चावल, काली दाल, हल्दी और हरी सब्जियों का विशेष महत्व है। मान्यता है कि खिचड़ी के चावल का चंद्रमा और शुक्र की शांति से महत्व है। काली दाल से शनि राहू और केतु का महत्व बताया जाता है। खिचड़ी में पड़ने वाली हल्दी का संबंध गुरू बृहस्पति से है। इसमें पड़ने वाली हरी सब्जियां बुध से संबंध रखती हैं।
वहीं खिचड़ी के पक जाने पर उससे जो गर्माहट निकलती है, उसका संबध भगवान सूर्य और ग्रहों के सेनापति मंगल से बताया जाता है। इस तरह सभी नवग्रहों से खिचड़ी का संबंध है। इसलिए इस दिन खिचड़ी के दान का बहुत महत्व माना जाता है।



# स्किन प्रोटेक्शन के लिए लगाएं सनस्क्रीन

सही तरह से स्किन का ख्याल रखना बहुत जरूरी है। अगर आप ऐसा नहीं करते हैं तो कई तरह की समस्याएं हो सकती हैं। खासकर ये समस्याएं तब होती हैं जब सूरज के संपर्क में आप ज्यादा आते हैं। दरअसल, स्किन पर तेज धूप पड़ने से स्किन डैमेज होती है जिसकी वजह से उम्र से पहले झुर्रियां हो सकती हैं। ऐसे में स्किन प्रोटेक्शन के लिए सनस्क्रीन लगाएं। जानिए किन वजहों से स्किन होती है खराब-

- सोने से पहले मेकअप न हटाना सबसे कॉमन गलतियों में से एक है। राच भर चेहरे पर मेकअप लगा रहने से पोर्स को पर्याप्त हवा नहीं मिलती। जो जल्दी बूढ़ा होने का कारण बनता है।
- मॉइस्चराइजर का इस्तेमाल करना जरूरी है। अगर आपकी स्किन ऑयली है या फिर मुहांसे वाली है, तब भी मॉइसश्चर लगाना ना छोड़ें। ऐसा ना करने से स्किन पर समस्या हो सकती है।
- चेहरा साफ करने और मेकअप करने के लिए टूल्स का इस्तेमाल करते हैं तो इन्हें साफ करके रखें। साफ सफाई ना रखने पर चेहरे पर मुंहासे हो सकते हैं।

### ना करें ये गलतियां

- सही तरह से ना सोने पर स्किन की नमी बनाए रखने की क्षमता पर असर होता है। जिसकी वजह से कम उम्र में झुर्रियों आने लगती हैं।
- कुछ लोगों की आदत होती हैं कि वह आंखे मिचते हैं या फिर बार-बार भौहें सिकोड़ते हैं। इस आदत की वजह से झुर्रियां हो सकती हैं। जब आप ऐसा करते हैं तो आपके चेहरे की मांसपेशियां स्ट्रेस पड़ता है। जो कम उम्र में झुर्रियां होने का कारण बनता है।
- स्मोकिंग और एल्कोहल लेने वालों को अक्सर ये समस्या होती है। इस आदत के चलते ब्लड सर्कुलेशन स्लो हो जाता है, जिससे त्वचा की उम्र बढ़ने की प्रक्रिया तेज हो जाती है। इस आदत की वजह से स्किन की ताकत और लचीलेपन में कमी आती है।
- सुंदर दिखने के लिए महिलाएं तरह-तरह के ब्यूटी प्रॉडक्ट्स का इस्तेमाल करती हैं। लेकिन ज्यादा इस्तेमाल से भी नुकसान हो सकता है।





# मकर संक्रांति पर इस शुभ मुहूर्त में करें पूजा
## सूर्यदेव का मिलेगा आशीर्वाद!

मकर संक्रांति हिंदू धर्म का एक महत्वपूर्ण पर्व है जो हर साल बड़े ही उत्साह से मनाया जाता है. इस दिन सूर्य देव मकर राशि में प्रवेश करते हैं और उत्तरायण का आरंभ होता है. यह त्योहार नई फसल के आगमन का प्रतीक है और इसे भारत के विभिन्न हिस्सों में अलग-अलग नामों से जाना जाता है. मकर संक्रांति नई फसल के आगमन का उत्सव है. किसान इस दिन सूर्य देव को धन्यवाद देते हैं, जिन्होंने उन्हें अच्छी फसल दी. इस पर्व पर सूर्य देव की पूजा की जाती है.
मान्यता है कि सूर्य देव सभी जीवों को जीवन देते हैं. इस दिन स्नान और दान करने से पापों का नाश होता है. मकर संक्रांति के दिन पवित्र नदियों में स्नान करने का विशेष महत्व है. इस दिन गरीबों को दान करना पुण्य का काम माना जाता है. तिल के लड्डू या तिल के अन्य व्यंजन खाना भी शुभ माना जाता है.
द्रिक पंचांग के अनुसार, माघ महीने की प्रतिपदा तिथि 14 जनवरी दिन मंगलवार को सुबह 3 बजकर 56 मिनट पर शुरू होगी और 15 जनवरी दिन बुधवार को सुबह 3 बजकर 21 मिनट पर समाप्त होगी. 14 जनवरी को सूर्य देव धनु राशि से निकलकर मकर राशि में सुबह 9 बजकर 3 मिनट पर प्रवेश करेंगे. तभी शाही स्नान के लिए पुण्य काल शुरू होगा. मकर संक्रांति के दिन ब्रह्म मुहूर्त सुबह 05 बजकर 27 मिनट से 06 बजकर 21 मिनट तक रहेगा. मकर संक्रांति के दिन पुण्यकाल सुबह 9 बजकर 3 मिनट से शाम 05 बजकर 46 मिनट तक रहेगा और महापुण्य काल सुबह 9 बजकर 3 मिनट से सुबह 10 बजकर 48 मिनट रहेगा. इन दोनों मुहूर्तों में स्नान, दान और पूजा करने से विशेष फल मिलता है.

# पोंगल के पहले दिन क्या होता है, कैसे मनाते हैं पर्व ?

पोंगल दक्षिण भारत का एक प्रमुख त्योहार है. उत्तर भारत में जब सूर्य उत्तर दिशा की ओर बढ़ते हैं, तो मकर संक्रांति का त्योहार मनाया जाता है. उसी तरह ही सूर्य के उत्तर दिशा में बढ़ने पर दक्षिण भारत में पोंगल मानाया जाता है. पोगंल किसानों का त्योहार माना जाता है. तमिलनाडू में पोगंल से ही नए साल की शुरुआत मानी जाती है.

### 14 से 17 जनवरी तक पोंगल

इस साल पोंगल 14 से 17 जनवरी तक मनाया जाने वाला है. पोंगल के त्योहार पर तमिलनाडू में बड़ी धूम और उत्साह देखने को मिलता है. चार दिनों तक चलने वाले इस त्योहार की शुरुआत 'भोगी पोंगल' से होती है. दूसरे दिन 'सूर्य पोंगल', तीसरे दिन 'मट्टू पोंगल' और चौथे दिन 'कन्नम पोंगल' मनाया जाता है. हर पोंगल को अलग-अलग परंपराओं के साथ मनाया जाता है.

### पहले दिन भोगी पोंगल

भोगी पोंगल के दिन को भगवान इंद्र देव को समर्पित किया गया है. भोगी पोंगल को इंद्रन भी कहते हैं. भोगी पोंगल के दिन लोग अच्छी फसल की पैदावार के लिए बारिश के देवता माने जाने वाले इंद्र की पूजा करते हैं.
पूजा के जरिये लोग इंद्र देव को धन्यवाद देते हैं. मान्यता है कि भोगी पोंगल पर इंद्र देव की पूजा से घर में सुख-समृद्धि आती है.



# लाइफ में सक्सेज पाने के टिप्स



कामयाबी किसी भी दिशा में मिले वो लाइफ को मोटिवेशन देती है। इसलिए अपने काम में सफल होना जरूरी है। फिर चाहे आप पढ़ाई कर रहे हों और किसी परीक्षा में फर्स्ट आना हो या फिर करियर बना रहे हों और अच्छी जॉब पाना हो। ठीक उसी तरह से किसी बिजनेसमैन के लिए सक्सेज का मतलब अपने बिजनेस को आगे बढ़ाना है। अगर आप चाहते हैं कि अपने फील्ड में आप हमेशा आगे रहें और सक्सेज पाएं तो सफलता के लिए इन 4 कामों को जरूर करना चाहिए।

### अपना उद्देश्य खोजें

अगर जीवन में आप उद्देश्यहीन हैं तो ऐसी लाइफ का कोई मतलब नही है। कामयाबी पाने के लिए सबसे पहले आपके पास एक उद्देश्य होना चाहिए। जिसके पीछे भागकर आप उसे पाएं। बिना मंजिल के रास्ते पर चलना बेकार है। इसलिए सबसे पहले अपना एक उद्देश्य तय करें, जिसे पूरा करने की चाह दिल में हो।

### पिछली गलतियों को माफ करें

अपने बीते समय में आपके साथ गलत हुआ या आपने सही नहीं किया। मेहनत नहीं की या प्रयास नहीं किया। इन सारी बातों के लिए दूसरों को और खुद को माफ करें। आगे बढ़ें। जब आप पिछली बातों के लिए दूसरों को माफ कर देंगे तो माइंड बिल्कुल क्लियर होगा और सामने यानी आने वाली चीजों पर फोकस कर पाएंगे।

### अपने वर्तमान पर ध्यान दें

आगे क्या होगा या पहले क्या हो चुका. उसे सोचने की बजाय अपने वर्तमान पर पूरा फोकस करें। आज आप अपने कल को बेहतर बनाने के लिए क्या कर पा रहे हैं। इस बारे में सोचें और काम करें। तभी लाइफ में सफलता मिलेगी।

### फ्यूचर की प्लानिंग करें

अपने फ्यूचर के लिए कुछ चीजों को बचाकर रखें। आगे क्या करना है, इसका इंतजाम वर्तमान के साथ करते रहें। इससे आपको फ्यूचर में मनचाही सफलता हाथ लगेगी।

# ऐसे रखे स्किन को कील-मुहासों से दूर

### ऑयली स्किन

ऑयली स्किन सबसे ज्यादा प्रॉब्लमेटिक स्किन होती है। ऐसी स्किन वालों के चेहरे पर लगभग हमेशा ही पिंपल्स रहते हैं। फोरहेड और नाक ऑयल की वजह से हमेशा ही चमकते रहते हैं। ऑयली स्किन में सीबम का प्रोडक्शन ज्यादा होता है। ऐसी स्किन वालों को दिन में दो बार फेसवॉश से अच्छी तरह चेहरा धोना चाहिए। पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं।

### ड्राई स्किन

सर्दियों में ड्राई स्किन वालों की हालत और ज्यादा खराब हो जाती है। अगर आप सही तरीके से स्किन को मॉयश्चराइज नहीं करते, तो त्वचा खिची-खिची, पपड़ीदार नजर आती है। जिस वजह से खुजली और जलन भी हो सकती है। इन सभी समस्याओं से बचने के लिए स्किन को हमेशा मॉयश्चराइज रखें। क्रीम तो लगाना जरूरी है ही, लेकिन साथ ही साथ पानी का इनटेक भी सही मात्रा में करें।

### नॉर्मल स्किन

नॉर्मल स्किन को आप अच्छी स्किन कह सकते हैं क्योंकि ये न तो बहुत ज़्यादा ऑयली होती है और न ही बहुत ज्यादा रूखी। सीबम का प्रोडक्शन भी संतुलित मात्रा में होता है। मौसम कोई भी हो ऑयल-फ्री सनस्क्रीन लगाकर आप अपनी स्किन को हेल्दी और ग्लोइंग बनाए रख सकती हैं। हां, लेकिन सोने से पहले मेकअप रिमूव करना न भूलें।





# ऐसे करें सच्चे दोस्तों की पहचान

इंसान सामाजिक प्राणी है जो एक दूसरे के साथ रहना और साथ समय बिताना पसंद करता है। हर किसी के पास परिवार और रिश्तेदारों के अलावा कुछ दोस्त होते हैं। जिनके साथ रहना उन्हें पसंद आता है। लेकिन कई बार सही दोस्तों की पहचान करना जरूरी होता है। जो आपको लाइफ में आगे बढ़ने में मदद करें। क्योंकि केवल ऐसे इंसान की संगति अच्छी नहीं होती जो आपके मनमुताबिक चीजें बोले और बेकार बैठना पसंद करे। बल्कि सच्चे और अच्छे दोस्त बिल्कुल अलग होते हैं। जिन्हें पहचाना जरूरी है। क्योंकि सच्चे दोस्त आपको लाइफ में आगे बढ़ने में मदद करते हैं। तो चलिए जानें कैसे करें सच्चे दोस्तों की पहचान।

### दोस्त आपके मन की बात नहीं करता

सच्चा दोस्त वो नही है जो आपके मन की बात करें और आपको खुश रहने के लिए बोले। बल्कि सच्चा दोस्त वो है जो आपकी भलाई की बात करे। भले ही वो बात आपको पसंद ना आए लेकिन फिर वो समझाए कि तुम्हारे लिए यहीं अच्छा है।

### ना करें दिखावा

सच्चा दोस्त वो है जो आपके सामने दिखावा ना करे। वो जैसा है वैसा की खुद को आपके सामने पेश करेगा। अच्छा बनने का ढोंग नहीं बल्कि अपनी बुराईयों और अच्छाईयों को खुल कर दिखाएगा।

### शुरुआत में नहीं करेंगे पसंद

सच्चे दोस्त अक्सर वहीं होते हैं जिन्हें आप पहली दूसरी मुलाकात में नापसंद करते हैं। क्योंकि ऐसे इंसान सच्चे होते हैं और खुद को बनावटी तरीके से नहीं पेश करते। ऐसे इंसान ही बाद में सच्चे दोस्तों की लिस्ट में शामिल हो जाते हैं।

### सच्चा दोस्त आगे बढ़ाता है

सच्चा दोस्त वो है जो आपके हुनर और क्षमता को पहचानता है और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करता है। आपकी सक्सेज में खुश होता है ना कि जलन करता है।

### नहीं करता नुकसान

सच्चा दोस्त कभी भी आपके नुकसान के बारे में नहीं सोचता और ना ही नुकसान करता है। वो हमेशा चाहता है कि आप आगे बढ़ें और लाइफ में सफल इंसान बनें। अगर आपकी मुलाकात किसी ऐसे इंसान से हुई है तो उसे अपना सच्चा दोस्त जरूर बना लें।



# रोजाना सोने से पहले ये काम जरूर करें

### फेस वॉश-

रात को सोने से पहले अपने चेहरे को किसी नेचुरल क्लींचर से गुनगुने पानी की मदद से साफ कर लें।

### फेस मसाज-

रात को सोने से पहले 5 से 10 मिनट अपने चेहरे की मसाज जरूर करनी चाहिए। ऐसा करने से आंखों के काले घेरे कम होने के साथ आंखों की सूजन और झुर्रियां कम होती हैं। इसके अलावा ढीली होती आंखों के आसपास की त्वचा में कसाव आता है। चेहरे की मसाज के लिए आप किसी अच्छे फेशियस ऑयल का यूज कर सकती हैं। ऐसा करने से चेहरे की झुर्रियां कम होने के साथ चेहरे पर ग्लो भी आता है।

### पैरों की मसाज-

रात को सोने से पहले अपने पैरों की मसाज करने के कई फायदे हैं। ऐसा करने से ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होने के साथ मेनोपॉज के लक्षणों में भी राहत मिलती है। पैरों को मसाज करने के फायदों में बॉडी रिलेक्स से लेकर अच्छी नींद, बदन दर्द से राहत, डिप्रेशन और मूड स्विंग्स में राहत शामिल है।

### नाभि में तेल-

रात को सोने से पहले नाभि में तेल डालने से ना सिर्फ त्वचा की नमी बनी रहती है बल्कि नाभि में जमा मैल साफ होने के साथ पेट दर्द, माहवारी के दर्द में राहत मिलने के साथ फर्टिलिटी और आंखों की रोशनी में भी सुधार होता है।

# एग्जाम से पहले बच्चों की ऐसी रखें डायट



### ये पोषक तत्व हैं जरूरी

आपका दिमाग ही है, जो आपको सफलता दिलाता है। इस पावरहाउस की एकाग्रता के लिए आप अपने लाडले की खुराक में कुछ खास पोषक तत्वों को जोड़ सकती हैं।

**ओमेगा-3 फैटी एसिड-** सालमन मछली, अखरोट, अलसी और चिया सीड्स आदि से मिलने वाला यह पोषक तत्व याददाश्त और समग्र मस्तिष्क की सेहत के लिए अच्छा होता है।

**एंटीऑक्सीडेंट्स-** रंगीन फलों और सब्जियों में पाए जाने वाले एंटीऑक्सीडेंट्स मस्तिष्क की कोशिकाओं को नुकसान से बचाते हैं। साथ ही याददाश्त और सीखने की क्षमता में सुधार करते हैं।

**कॉम्पलेक्स कार्बोहाइड्रेट -** साबुत अनाजों से मिलने वाला यह पोषक तत्व मस्तिष्क को भरपूर मात्रा में ऊर्जा देने में सहयोगी साबित होता है।

**प्रोटीन-** बीन्स, टोफू जैसे प्रोटीन के स्रोत न्यूरोट्रांसमीटर उत्पादन में सहायता करते हैं, जो अच्छी याददाश्त, मानसिक सतर्कता और एकाग्रता के लिए बहुत ज्यादा जरूरी है।

**विटामिन और खनिज-** विटामिन बी, विटामिन-डी और आयरन जैसे पोषक तत्व संज्ञानात्मक विकास और एकाग्रता बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसके लिए बच्चे की डाइट में केला, संतरा, दूध और दही जैसे खाद्य पदार्थों को नियमित रूप से जरूर शामिल करें।

### पानी है जरूरी

डीहाइड्रेशन यानी पानी की कमी से आपके बच्चे को थकान महसूस हो सकती है और उनकी संज्ञानात्मक क्षमता प्रभावित हो सकती है। संज्ञानात्मक क्षमता का अर्थ मस्तिष्क के सोचने, समझने, किसी नई चीज को सीखने या याद रखने की क्षमता से है। परीक्षा के वक्त आपके बच्चे की याददाश्त दुरुस्त रहे, इसके लिए उसे नियमित अंतराल पर पानी और अन्य तरल पदार्थों का सेवन करने के लिए प्रेरित करें। ग्रीन टी, छाछ, नारियल पानी, इलेक्ट्रॉल वाला पानी आदि इसमें मददगार होंगे।

### दीजिए स्मार्ट स्नैक

आप बच्चे को मेवे और फल जैसे सेहतमंद विकल्प दें। शर्करा युक्त और उच्च कैफीन वाले विकल्पों से बचें।

# पालक-मिक्स स्प्राउट्स रायता



पालक हेल्थ के लिए काफी ज्यादा फायदेमंद होती है। इसे आप अलग-अलग तरीके से अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं। ऐसे में आज हम बताएंगे पालक की कुछ ऐसी रेसिपीज जिसका स्वाद आपको खूब पसंद आएगी। यहां हम बता रहे हैं पालक पनीर, पालक पनीर भुर्जी, पालक-मिक्स स्प्राउट्स रायता बनाने का तरीका।

**आवश्यक सामग्री:**
पालक की प्यूरी- 1 1/2 कप
पनीर- 1/2 किलो
तेल- 1/4 कप
जीरा- 1 चम्मच
तेजपत्ता- 1
बारीक कटा अदरक- 1 चम्मच
बारीक कटा लहसुन- 1 चम्मच
कद्दूकस किया प्याज- 1/2 कप
बारीक कटा टमाटर- 1 कप
नमक- 2 चम्मच
गरम मसाला- 1/4 चम्मच
लाल मिर्च पाउडर- 1/2 चम्मच
धनिया पाउडर- 1 चम्मच

**बनाने की विधि:**
पनीर को इच्छानुसार टुकड़ों में काटकर हल्का सुनहरा होने तक तल लें। कड़ाही में तेल गर्म करें और उसमें जीरा डालें। जब जीरा चटकने लगे तो कड़ाही में तेजपत्ता, अदरक और लहसुन डालें। सुनहरा होने तक भूनें और उसके बाद कड़ाही में टमाटर डालकर मध्यम आंच पर कुछ देर टमाटर को पकाएं। जब तेल अलग होने लगे तो कड़ाही में गरम मसाला, नमक, धनिया पाउडर और लाल मिर्च पाउडर डालकर अच्छी तरह से मिलाएं। पालक की प्यूरी डालें और दो से तीन मिनट पकने के बाद कड़ाही में पनीर के टुकड़े डालें। ग्रेवी गाढ़ी हो तो थोड़ा-सा पानी डालकर उसे पतला कर लें। दो-चार मिनट धीमी आंच पर पकाकर गैस ऑफ करें। गर्मागर्म सर्व करें।

## संक्षिप्त समाचार

### जिपं के महासंग्राम में उतर सकते है - अरुण मालाकार



**सारंगढ़ ( समय दर्शन )।** जिपं अध्यक्ष पद सामान्य मुक्त होने से जिला के राजनीति गलियारों में ऊफान उठेते हुए दिखाई दे रहा है । कांग्रेस , भाजपा सब अपने अपने बड़े नेताओं को मैदान में उतारने के बना रहे रणनीति, जल्द मुख्यमंत्री का हो सकता है सारंगढ़ आगमन खेलभांठा मैदान में तैयारी जोरों पर चल रही है ।सूत्रों की माने तो 16 जनवरी को छग मुख्यमंत्री साय का आगमन से जिले की राजनीति गर्म होती दिखाई दे रही हैं । जिलाध्यक्ष कांग्रेस अरुण मालाकार की बात करें तो इस बार उनकी सीट अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हो गयी है । विदित हो कि - ऐसे में जिला पंचायत चुनाव की ओर आगे बढ़ते दिखाई देते हुए प्रतीत हो रहे है । ऐसे में भाजपा की जिला पंचायत में कब्जा की राह मुश्किल प्रतीत होते नजर आ रही है । अरुण मालाकार वर्तमान में जिला कांग्रेस अध्यक्ष के पद में आसीन है । उनके नेतृत्व में कांग्रेस जिले में कांग्रेस के विधायकों को सफ्लता पूर्वक जीत सुनिश्चित की गई है । ऐसे में जनपद पंचायतो और जिला पंचायत का चुनाव रोचक हो सकता है। इसके साथ नपं चुनाव में भी कांग्रेस पूरे दमखम के साथ मैदान में उतरेगी , यह जानकारी राजकमल अग्रवाल ने दी है ।

### जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

**ओवर स्पीड चलने वाले वाहनों पर की जाए कार्यवाही-कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी**



**ब्यूरों सैय्यदा मुनीज़ा हुसैनी धमतरी छत्तीसगढ़। धमतरी** / कलेक्टर कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी और पुलिस अधीक्षक श्री आंजनेय वार्ष्णेय ने कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में आज जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली और जिले में दुर्घटनाओं से होने वाले जान, माल की हानि को रोकने के लिए किये जा रहे प्रयासों की जानकारी ली। बैठक में कलेक्टर सुश्री गांधी ने कहा कि पुलिस और परिवहन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से ओवर स्पीड चलने वाले वाहनों पर कार्यवाही की जाए और स्कूली बच्चों को लाने-ले-जाने वाले वाहनों की नियमित जांच की जाए। इसके साथ ही प्रदूषण जांच, कंडम वाहन, प्रेशर हार्न, बिना हेलमेट, सीट बेल्ट, वाहन चालन के दौरान मोबाइल का उपयोग, नशा कर वाहन चालन इत्यादि पर कार्यवाही तथा मुख्य मार्ग में अनाधिकृत खड़े वाहन एवं फिटनेस जांच की कार्यवाही की जाए। इसके अलावा स्कूल, कॉलेज, हाट-बाजार, चौक चौराहा और बस स्टैण्ड इत्यादि में अधिक से अधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने बैठक में कहा गया। बैठक में शिक्षा विभाग को नाबालिग विद्यार्थियों के द्वारा दोपहिया वाहन में शाला आने पर प्रतिबंध लगाने के निर्देश दिए गए। वहीं लोक निर्माण विभाग को शहर के प्रमुख मार्गों में हल्के एवं भारी वाहनों के लिए गति सीमा बोर्ड लगाने, नगरनिगम को जिले के राष्ट्रीय, राजकीय और अन्य मार्ग में आवारा घूमने व बैठे रहने वाले मवेशियों की आवश्यक व्यवस्था करने कहा गया। इसके साथ ही जनपद पंचायत को निर्देशित किया गया कि विकासखण्ड स्तर पर माह में एक बार सड़क सुरक्षा की बैठक आयोजित करना सुनिश्चित की जाए। स्वास्थ्य विभाग को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में सड़क दुर्घटना पीड़ितों के लिए बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने कहा गया। इसके अलावा परिवहन और यातायात विभाग को सिहावा चौक से नहर नाका चौक तक सड़क किनारे स्थायी पार्किंग करने वाले वाहनों पर कार्यवाही सुनिश्चित करने कहा गया।

### भारतीय वायुसेना में अग्निवीर भर्ती हेतु ऑनलाईन पंजीयन 27 जनवरी तक, रोजगार कार्यालय द्वारा दी जा रही ऑनलाईन पंजीयन की सुविधा

**धमतरी**/ भारतीय वायुसेना में अग्निवीर भर्ती हेतु ऑनलाईन पंजीयन 27 जनवरी तक है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि ऐसे अविवाहित महिला/पुरूष, जिनका जन्म एक जनवरी 2005 से 01 जुलाई 2008 के मध्य हुआ है, वे ऑनलाईन पंजीयन हेतु पात्र हैं। आवेदक किसी भी केन्द्रीय अथवा राज्य शासन द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था अथवा बोर्ड से गणित, भौतिक एवं अंग्रेजी विषयों के साथ 50 प्रतिशत एवं अंग्रेजी विषय में 50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण अथवा इंजीनियरिंग में 3 वर्ष का डिप्लोमा 50 प्रतिशत अंकों के साथ ही अंग्रेजी में 50 प्रतिशत अंक हो अथवा किसी भी विषय में 12 वीं 50 प्रतिशत अंकों के साथ एवं अंग्रेजी में 50 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण होना चाहिए।

# शासन के नियमानुसार धान खरीदी सुचारू रूप से जारी रहे - कलेक्टर लंगेह

**कलेक्टर ने ली समय-सीमा की बैठक**

**स्कूली बच्चों के छूटे हुए जाति प्रमाण पत्र प्राथमिकता से बनाएं**

**नागरिकों के आवेदनों का समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निराकरण करें**



**महासमुंद ( समय दर्शन )।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली। कलेक्टर लंगेह ने सभी विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि वे प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से पहले कार्यालय में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशानुरूप सभी अधिकारी और कर्मचारी तय समय पर कार्यालय पहुंचे और आम जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करें। कलेक्टर ने यह भी स्पष्ट किया कि प्रत्येक सोमवार को सुबह 10 बजे से कार्यालयीन समय तक सभी जिला अधिकारी कार्यालय में उपस्थित रहें। इस दौरान वे कार्यालय में आने वाले लोगों की समस्याओं, शिकायतों और सुझावों को सुनें और उनका समय सीमा पर निराकरण करें। उन्होंने कहा कि सोमवार के दिन अनावश्यक रूप से फील्ड विजिट (मैदान क्षेत्र का दौरा) न किया जाए, ताकि आमजन अपनी समस्याओं को लेकर अधिकारियों से आसानी से संपर्क कर सकें। केवल अत्यंत आवश्यक परिस्थितियों में ही फील्ड विजिट किया जाए। उन्होंने कहा कि बिना अनुमति के कोई भी अधिकारी जिला मुख्यालय नहीं छोड़ेगे। इस दौरान उन्होंने कार्यालय में सफाई व्यवस्था, रिकॉर्ड प्रबंधन को बेहतर तरीके से रखने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री एस. आलोक, अपर कलेक्टर रवि कुमार साहू, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे तथा अन्य विकासखण्ड अधिकारी वीसी के माध्यम से जुड़े थे।

बैठक में कलेक्टर लंगेह ने जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह की तैयारियों को लेकर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने परेड और रिहर्सल, बैठक व्यवस्था, साज-सज्जा, बैरिकेडिंग सहित अन्य सभी आवश्यक कार्यों को समय पर पूर्ण करने के लिए कहा। साथ ही, गणतंत्र दिवस के अवसर पर पेयजल, विद्युत आपूर्ति, पुरस्कार वितरण, फायर ब्रिगेड और एम्बुलेंस जैसी सभी जरूरी व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश भी संबंधित विभागों को दिए। बैठक में कलेक्टर ने धान खरीदी केंद्रों के भौतिक सत्यापन के लिए नियुक्त नोडल अधिकारियों को निरीक्षण दल के साथ धान खरीदी केंद्रों का शासन के निर्देशानुसार जनवरी माह में तीन बार निरीक्षण करने कहा। उन्होंने धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण कर धान, बारदाना के स्टॉक का भौतिक सत्यापन करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि जनवरी 2025 में प्रथम चरण में 7 जनवरी से 14 जनवरी तक निरीक्षण करने तथा इसकी एंट्री निर्धारित मोबाइल ऐप में कराने के निर्देश दिए है। उन्होंने बताया कि द्वितीय चरण में 15 जनवरी से 22 जनवरी तक और 23 जनवरी से 31 जनवरी तक तृतीय चरण में धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया जाना है। इसके साथ ही कलेक्टर ने धान उठाव के प्रतिशत की जानकारी लेते हुए जिले के सभी धान खरीदी केंद्रों से धान का उठाव तेजी से कराने के निर्देश दिए है। उन्होंने जिले में चल रहे धान खरीदी कार्य के बारे में फूड, मार्कफेड सहित संबंधित अधिकारियों से विस्तारपूर्वक जानकारी लेते हुवे सुव्यवस्थित धान खरीदी कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को धान की सम्भावित अवैध भण्डारण, बिक्री और परिवहन पर निरंतर सतर्क रहते हुए कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

बैठक के दौरान कलेक्टर लंगेह ने जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों और नगरीय निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को निर्देश दिया कि सड़कों पर मवेशियों के जमावड़े पर कड़ी नजर रखें और इसके समाधान के लिए नियमित रूप से कार्रवाई सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने श्रम पदाधिकारी को औद्योगिक कारखानों की जाँच हेतु जिला स्तरीय संयुक्त टीम को नियमित तौर पर औद्योगिक कारखानों और अन्य उद्योगों में सतत निरीक्षण कर सुरक्षा और पर्यावरण की जांच करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने पहली से कक्षा 12वीं तक के छूटे हुए सभी स्कूली बच्चों के जाति प्रमाण पत्र बनाने के निदेश दिए हैं।

# कच्ची महुआ शराब 1 लाख 5 हजार का जप्त



**सारंगढ़ ( समय दर्शन )।** 13 जनवरी 25 को सरिया पुलिस मकर संक्रांती पर्व पर मेला डयूटी हेतु ग्राम पोरथ रवाना हुए थे डयूटी दौरान जरिये मुखबीर सूचना मिला कि - कोई अज्ञात व्यक्ति पोरथ नदी के उस पार टापू में भारी मात्रा में हाथ भठ्ठी का बना कच्ची महुआ शराब बिक्री करने प्लास्टिक बोरी में भर भर कर रखा है । बिक्री करने हेतु परिवहन करने के फिराक में है । सूचना पर हमराह स्टाफ एव गवाहो के साथ मुखबीर के बताये स्थान पर जाकर घेराबंदी किये जो अज्ञात व्यक्ति पुलिस को देखकर भाग गया। मौके पर विभिन्न रंगो के प्लास्टिक बोरी लगभग 21 नग बोरी में भरा अवैध कच्ची महुआ शराब मिला प्रत्येक बोरी में 200 - 200 रू पैकेट भरा महुआ शराब जिसमें घोडा छाप चिन्ह लगा है । कुल 100 नग, प्रति बोरी में 100-100 नग भरा सील बंद कीमती प्रति नग 50-50 रूपये कुल जुमला 2100 नग जुमला 420 लीटर कीमती 1 लाख 5 हजार रूपये को सक्षम गवाहों के मुताबिक जप्ती पत्रक में जप्तकर कब्जा पुलिस में लिया गया तथा अज्ञात आरोपी का कृत्य अपराध धारा सदर का घटित करना पाये जाने से मौके पर अपराध धारा 34 (2), 59 (क) आबकारी एक्ट क कार्यवाही कर अज्ञात आरोपी का पता तलाश किया जा रहा है । जिसे शीघ्र ही गिरफ्तार का आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। उक्त कार्यवाही में थाना सरिया के थानाप्रभारी सउनि टीकाराम खटकर के नेतृत्व में सउनि सुमन चौहान प्रआ ताराचंद रातड़े, सुरेन्द्र सिदार, सत्यम मंडलोई आरक्षक राजकुमार साहू, दिलीप स्नेही, खेमराज चौहान, दिलिप साहा का सराहनीय योगदान रहा।

# महापौर के दमदार दावेदार है हाशमी जो जल विभाग अध्यक्ष के रूप में दिखाया बेहतर कार्य का जज़्बा और नवागांव वार्ड का किया चौमुखी विकास

**स्टेशन पारा के पार्षद रहकर झुग्गी झोपड़ी बस्ती वालों के हितों के लिए विभिन्न कार्य एवं 287 आवास स्वीकृत करवाए**

**2005 में शहर युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष हाशमी का पांच साल का कार्यकाल भी उल्लेखनीय रहा**




**ब्यूरों सैय्यदा मुनीज़ा हुसैनी धमतरी छत्तीसगढ़। धमतरी।** महापौर का पद अनारक्षित होने के बाद भाजपा-कांग्रेस दोनो ही पार्टी में दावेदारों की लंबी कतार है। दावेदारी पुख्ता करने के लिए दर्जनों नेता कोई कसर छोड़ने के मूड में नहीं है। इन सब के बीच कुछ नाम लोगो की जुबां पर खुद ही सामने रहे है, जो कि उनके विकास की सोच और जनसेवा के जज्बे के साथ कार्य कर दिखाने का परिणाम है। ऐसा ही एक नाम नगर निगम जल विभाग अध्यक्ष का 5 साल का कार्यकाल पूरा करने वाले पार्षद अवैश हाशमी का है, उनके विकास की सोच के चलते आम जनमानस के बीच चर्चा ने उन्हें महापौर का दमदार दावेदार बना दिया है। फिर जनता की पसंद को पार्टी के द्वारा भी खास तवज्जो दी जा सकती है। कड़ी मेहनत, संघर्षशील छवि, विकास के लिए जी-जान लगाकर कार्य करने का उनका जज्बा लोगो ने नवागांव वार्ड के पार्षद और जल विभाग अध्यक्ष के रूप में देखा है।

नगर निगम जल विभाग अध्यक्ष अवैश हाशमी फिल्टर प्लांट की समस्या दूर करने आधी रात प्लांट जाना हो या शहर में पानी की समस्या होने पर जहां समस्या होता उन वार्डों में अधिकारी, कर्मचारियों के साथ रात भर जाग जागकर सुधार कार्य पूर्ण करवाना हो या फिर दिन भर डटे रहकर लीकेज सुधारना हो अवैश हाशमी ने हमेशा अपने कार्य के प्रति समर्पण भावना दिखाई।कार्य कराने की सोच को धरातल पर उतारकर दिखा दिया कि इच्छाशक्ति हो तो मुश्किल कार्य भी सम्भव हो जाता है।उनके नेतृत्व में शहर में भव्य तीन विशाल ओवर हैंड टैंक निर्माण कार्य पूर्ण हुआ और एक नया फिल्टर प्लांट जिसका 70 प्रतिशत कार्य भी पूर्ण हो गया है एवं बेजुबान जानवरों के लिए हर साल गर्मी में कोटना वितरण किया गया और जनता को शुद्ध पेयजल में लापरवाही न हो इसके लिए शहर के हर वार्डों का सर्वे करवाकर नाली से नल कनेक्शन व्यवस्थित करने लगभग 85 लाख स्वीकृति करवाए जिस पर कार्य जारी है इस कार्य के लिए शहर वासियों का पैसा नहीं लगेगा इस कार्य को नगर निगम करवाएगी।

अवेश हाशमी शहर युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष के पांच साल के कार्यकाल में भी इन्होंने शहरहित के लिए किए गए कार्य उल्लेखनीय है इसके अलावा औद्योगिक वार्ड स्टेशन पारा के पार्षद रहकर भी इन्होंने झुग्गी झोपड़ी बस्ती वालों के हितों के लिए भी एक से बढ़कर कार्य करवाए।स्टेशन पारा में पानी की बहुत समस्या थी इन्होंने झुग्गी झोपड़ी बस्ती वालों के लगभग 400 परिवारों के घरों घर नल कनेक्शन लगवाए,दो आंगनबाड़ी केंद्र बनवाए और इनके प्रयासों का नतीजा है कि स्टेशन पारा झुग्गी झोपड़ी बस्ती वालों के लिए 287 आवास स्वीकृत हुआ जिस पर दानी टोला स्कूल के पीछे महिमा सागर वार्ड में बहुमंजिला आवास बना जहां स्टेशन पारा के लगभग 80 परिवार व्यवस्थापित हुए। हाशमी ने नगर निगम जल विभाग के अध्यक्ष के साथ साथ नवागांव वार्ड के पार्षद का दायित्व भी बढ़चढ़ निभाते आ रहे हैं।शहर में तीन ओवरहैड टैंक निर्माण हुआ जिसमे एक भव्य विशाल ओवर हैंड टैंक नवागांव वार्ड में पार्षद हाशमी के प्रयासों से बना इसके अलावा नवागांव वार्ड में भव्य सामुदायिक भवन एवं गौठान निर्माण, हमर क्लिनिक, सैकड़ो पट्टा और 250 से ज्यादा झुग्गी झोपड़ी वालों का पक्का मकान बनवाए, हाई स्कूल का भव्य भवन निर्माणाधीन है, खेल मैदान,उमंग चौक में सामुदायिक भवन और हाई मास्क लाइट और गंगा तालाब सौंदर्यीकरण समेत कई ऐसे कार्य हुए है जो वार्ड को मॉडल के रूप में प्रस्तुत कर रहे है।

नवागांव वार्ड के विकास का मॉडल लोगो को भा रहे है इसलिए अवैश हाशमी का नाम प्रबलता से महापौर के रूप में आगे बढ़ाकर लोगो की मंशा है कि शहर के विकास के लिए दृढ़ इच्छाशक्ति रखने वाले युवा को मौका मिले, सबसे बड़ी बात है कि 20 साल से लगातार जनसेवा में जुटे रहने वाले पार्षद अवैश हाशमी के पास कार्य करने का अच्छा अनुभव है, शहर की आवश्यकता से भलीभांति वाकिफ है और कार्य स्वीकृत कराने से लेकर उसे धरातल में उतारने की पूरी प्रक्रिया की बारीकी से समझ है जिसका लाभ हाशमी के महापौर बनने पर पूरे शहर को मिलेगा।

# कलेक्टर ने सुनी लोगों की समस्याएं, दिए निराकरण के निर्देश




**जन चौपाल में प्राप्त हुए 20 आवेदन**

**महासमुंद( समय दर्शन )।** जिला कार्यालय में हर मंगलवार को आयोजित जन चौपाल में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने जिले के दूरस्थ क्षेत्रों से पहुंचे लोगों की मांगों व समस्याओं को गौर से सुना। जन चौपाल में आज अलग-अलग समस्याओं के निराकरण हेतु कुल 20 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने प्रकरणों के अनुसार संबंधित अधिकारियों को आवेदन प्रेषित करते हुए यथाशीघ्र नियमानुसार निराकरण के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही उन्होंने महत्वपूर्ण प्रकरणों को समय सीमा में दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही हेतु संबंधित अधिकारी को प्रेषित किया। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत एस. आलोक, अपर कलेक्टर श्री रवि कुमार साहू सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। जन चौपाल में आम जनों ने अपनी अलग अलग समस्याओं को लेकर कलेक्टर के हाथों आवेदन सौंपे। जिसमें महासमुंद विकासखंड अंतर्गत ग्राम भोरिंग की कमला बाई धीवर ने प्रधानमंत्री आवास दिलाने हेतु, ग्राम चिरको के श्री कौशिक यादव ने भूस्वामी के भूमि का फर्जी पंजीयन की जांच कराने, ग्राम धनसुली की आरती शर्मा ने आरोपी के विरूद्ध प्रथम सूचना दर्ज कराने के लिए आवेदन दिया। इसी तरह बागबाहरा अंतर्गत ग्राम बाम्हनडीह की बिन्दु यादव ने आवास निर्माण में अवरोध एवं प्रताड़ना की शिकायत को लेकर तथा महासमुंद के डॉ. पी.के. लाल ने अनियंत्रित ध्वनि प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए कलेक्टर को आवेदन सौंपा। इसके साथ ही आवेदकों द्वारा प्रधानमंत्री आवास, राशन कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, अतिक्रमण हटाने एवं अन्य योजनाओं से संबंधित आवेदन सौंपे गए। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को मांग एवं समस्याओं से संबंधित प्राप्त आवेदनों का नियमानुसार तत्काल निराकरण के निर्देश दिए।

# तीर्थ में जाने पर श्रेष्ठ कार्य ही करें - श्यामसुंदर



तीर्थ में विराजित देवी देवताओं का दर्शन पूजन करें । तीर्थ के नियमों का श्रद्धापूर्वक पालन करें। तीर्थ स्थान

**बिलाईगढ़ ( समय दर्शन )।** विकासखंड के ग्राम रिकोटार में दिनांक 10 जनवरी से 12 जनवरी तक तीन दिवसीय वार्षिक राम - राम भजन, संत समागम एवं राम कथा प्रवचन का आयोजन किया गया। राम नामी हिंदू भजन समिति के अध्यक्ष खुरसूला निवासी शिवराम जायसवाल एवं सह संचालक रिकोटार निवासी जयराम जायसवाल ने कहा कि - इस तरह के आयोजन का यह 36 वां वर्ष है। इस आयोजन में महामंडलेश्वर रामसुंदरदास जी पूर्व अध्यक्ष गौ सेवाआयोग छग शासन श्रीश्री 108 श्रीराम गोपाल दास मारुति धाम देवघटा, पूज्यवर श्यामसुंदर दासजी हनुमान कुटी राहौद एवं निरंजन सेठ शिवरीनारायण विशिष्ट सम्मानित आमंत्रित अतिथिगण थे। राम राम भजन, संत समागम एवं राम कथा प्रवचन के तृतीय दिवस 12 जनवरीको ट्रांस महानदी क्षेत्र के प्रमुख रामायणी भाई श्यामसुंदर पटेल निवासी ग्राम बांसउरकुली ने भी उपस्थित होकर कथा सुनाया। उन्होंने श्रीरामचरित मानस का कथा सुनाते हुए कहा कि - जब हम किसी तीर्थ में जाएं तो किसी जानकार व्यक्ति से उस तीर्थ की महिमा श्रवण करें। में शुद्धता एवं पवित्रता का ख्याल रखते हुये वहां गंदगी न फैलाएं। तीर्थ दर्शन बाद मन में रहने वाले किसी एक बुराई का परित्याग अवश्य करें एवं एक अच्छे गुण को ग्रहण कर उसका आजीवन पालन करें। ऐसा करने से तीर्थ जाने पर जो समय खर्चा आदि लगता है उसका सही लाभ घर परिवार व समाज को प्राप्त हो जाता है।

विदित हो कि -प्रयागराज को तीर्थो का राजा हमारे शास्त्रों में बताया गया है। प्रातः स्मरणीय गोस्वामी तुलसी दास जी प्रयागराज की महिमा का वर्णन करते हुए कहते हैं कि - जहां गंगा जमुना सरस्वती का पवित्र संगम है । जिस तीर्थराज प्रयाग को देखकर कर आनंद और सुख के सिंधु भगवान श्रीरामचंद्रजी भी सुख की अनुभूति करते हैं ऐसे तीर्थ राज की महिमा का वर्णन भला कौन कर सकता है। तीर्थराज प्रयाग में जाकर स्नान करने दर्शन करने से कलयुग के समस्त पापों का समन हो जाता है । जिनके पास धन है व जिनके शरीर स्वस्थ हैं, ऐसे लोगों को जीवन में एक दो बार तीर्थ राज प्रयाग का अवश्य दर्शन करना चाहिए। यदि संभव हो तो इस वर्ष लगने वाले कुंभ में जाकर वहां होने वाले सत्संग, कथा कीर्तन, साधु महात्माओं का दर्शन एवं संगम स्नान कर मनुष्य जीवन का लाभ अवश्य उठा लेना चाहिए, क्योंकि मनुष्य का तन क्षणभंगुर है। इसका कोई ठिकाना नहीं है कि यह कब समाप्त हो जाए।

मानस प्रवक्ता श्याम सुंदर पटेल ने और कहा कि तीर्थ में किया हुआ कोई भी कार्य अक्षय होता है इसलिए तीर्थ में जाकर के मनुष्य को श्रेष्ठ कार्य ही करना चाहिए। पुण्य कर्म करने पर तीर्थ में उसका फल कई गुना बढ़ जाता है। इसी तरह तीर्थ में जाकर पाप कर्म करने पर उसका परिणाम भी कई गुना बढ़कर कष्टकारी हो जाता है । इस लिए तीर्थ में बुरे काम के बारे में कभी सोचना भी नहीं चाहिए। तीर्थ में जाने पर छोटे-छोटे धंधा कर अपने परिवार का पालन पोषण करने वाले रिक्शा चालक, साग भाजी या अन्य प्रकार के धंधा करने वाले लोगों से ज्यादा मोल भाव करके अपने समय का नुकसान नहीं करना चाहिए। ऐसे लोगों को एक दो रूपया अधिक दे देना ज्यादा पुण्य का काम होता है। तीर्थ में जाने पर अंधे लूले लंगड़े आदि को यथाशक्ति दान भी करना चाहिए।

# नगरीय निकाय चुनाव में हम सब मिलकर मजबूत संगठन के साथ जीत के लिए काम करेंगे-राजेंद्र चंद्रवंशी

**कवर्धा (समय दर्शन)।** भारतीय जनता पार्टी के नए जिलाध्यक्ष बनने के बाद राजेंद्र चंद्रवंशी ने पत्रकारों से कहा कि मैं सबसे पहले जिलावासियों को मकर संक्राति की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं। उन्होने प्रदेश व जिला के नेतृत्वकर्ता का आभार जताते हुए पार्टी द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी पर खरा उतरने की बात कही। उन्होने कहा कि मैं एक एक कार्यकर्ता के साथ मिलकर संगठन को मजबूत करने का काम करूंगा। आने वाला समय चुनौती का है। अभी नगर पंचायत और नगरीय निकाय चुनाव है। उसमें हम सब मिलकर जीत के लिए काम करेंगे।

भारतीय जनता पार्टी ने काफी मशक्कत के बाद अंततः पार्टी के जिला उपाध्यक्ष एवं संघ से जुड़े राजेंद्र चंद्रवंशी को नया जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। जिलाध्यक्ष की घोषणा चुनाव प्रभारी रजनीश सिंह ने लिफाफा खोलने के बाद की। विवेकानंद भवन में हुई भाजपा की बैठक में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, सांसद संतोष पाण्डेय, पंडरिया विधायक भावना बोहरा, पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक साहू, अनिल ठाकुर सहित अनेक प्रदेश व जिला पदाधिकारी समेत भाजपा के कार्यकर्ता मौजूद रहे।



घोषणा के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने राजेन्द्र चंद्रवंशी को बधाई दी और उनकी नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, सांसद संतोष पाण्डेय और विधायक भावना बोहरा ने कहा कि यह नियुक्ति पार्टी को और मजबूत बनाएगी। राजेन्द्र चंद्रवंशी ने अपनी नियुक्ति पर संगठन का आभार जताया और भरोसा दिलाया कि वे पार्टी की उम्मीदों पर खरा उतरेंगे। अध्यक्ष नियुक्त होने के बाद वे सबसे पहले पार्टी कार्यालय गए। इसके बाद मंदिरों में जाकर भगवान का आशीर्वाद लिया, वही पूर्व मुख्यमंत्री निवास भी पहुंचे।

**छात्र जीवन से ही सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं राजेंद्र**– राजेन्द्र चंद्रवंशी वर्तमान में भाजपा जिला उपाध्यक्ष के पद पर कार्यरत थे। उन्होने छात्रजीवन से ही विद्यार्थी परिषद कार्यकर्ता के रूप में राजनीति में प्रवेश किया था। वे छात्रसंघ अध्यक्ष भी रहे। इसके बाद बोड़ला जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि भी रह चुके हैं। पार्टी में उनकी निरंतर सक्रियता और योगदान को देखते हुए पार्टी नेतृत्व ने उन्हें जिलाध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है।

## खबर-खास

### युवा दिवस एवं मकर संक्रांति के अवसर पर टी.बी. मुक्त हेतु जनभागीदारी गतिविधि का हुआ आयोजन

**गरियाबंद (समय दर्शन)।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा संचालित राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत 2025 तक भारत को टी.बी.मुक्त का लक्ष्य रखा गया है,जिसके तहत निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ 100 दिवसीय पहचान एवं उपचार अभियान 7 दिसम्बर 2024 से 24 मार्च 2025 तक चलाया जा रहा है। कलेक्टर दीपक अग्रवाल एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.गार्गी यदु पाल के निर्देशन में 12 जनवरी 2025 युवा दिवस के अवसर पर जनभागीदारी गतिविधी के अंतर्गत इन्डोर स्टेडियम गरियाबंद में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट में दौरान स्वास्थ्य विभाग एवं समाज के युवा वर्ग को टी.बी.मुक्त भारत की पहल पर शपथ दिलवाया गया,साथ ही निक्षय मित्र बनकर टी.बी. मरीजों का अतिरिक्त पोषण आहार सहायता हेतु अपील किया गया। 14 जनवरी 2025 को मकर संक्रान्ति के अवसर पर बस स्टेण्ड, हाट बाजार एवं आंगनबाड़ी स्तर पर निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ 100 दिवसीय पहचान एवं उपचार अभियान का संदेश देते हुए पतंग वितरित की प्रचार प्रसार करते हुए,जानजागरूकता गतिविधी आयोजित किया गया।उक्त कार्यक्रम में डॉ.ए.के.हुमने, डॉ.योगेन्द्र रंधुवशी डीपीएम,सृष्टि यदु,डॉ.देवेन्द्र साहू, भूपेश साहू,अमृत राव भोंसले,धीरज शर्मा टीकेश साहू नर्मदा साहू पिरामल स्वास्थ्य एवं एनटीईपी कार्यक्रम के समस्त अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### सफलता की कहानी : प्रधानमंत्री आवास के तहत अनिता का पक्का मकान का सपना हुआ पूरा

**मुख्यमंत्री के हाथों मकान की चाबी लेकर की गृहप्रवेश**

**ब्यूरों सैय्यदा मुनीजा़ हुसैनी धमतरी छत्तीसगढ़।**
**धमतरी** / महानदी के तट पर बसे ग्राम रूद्री की श्रीमती अनिता साहू का कभी सपना हुआ करता था, पक्के मकान में रहने का। क्योंकि कच्चे मकान में दिक्कतें ज्यादा और आराम कम था। दिनभर की मजदूरी कर घर पर लौटने पर कभी छत से पानी टपकने का डर तो कभी कीडे-मकोड़े और जीव-जंतुओं का खतरा सताता था। अनिता बतातीं हैं कि रोजी-मजदूरी कर वह अपना और परिवार का भरण-पोषण करतीं हैं और उनके पति भी सामान्य मजदूर हैं और इस मुफलिसी के दौर में अपना आशियाना बनाना, यह संभव हो सका प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना से। अनिता बतातीं हैं कि ग्राम पंचायत से प्रधानमंत्री आवास योजना की जानकारी से मिलते ही, उन्होंने आवेदन दिया और उन्हें पक्का मकान मिल गया। बीते दिनों प्रदेश के मुखिया श्री विष्णु देव साय का धमतरी जिला प्रवास था, जिसमें अन्य हितग्राहियों के साथ श्रीमती अनिता साहू को भी अपने अपने सपनों के आशियाने की चाबी मुख्यमंत्री के हाथों मिलीं, अनिता काफी प्रसन्न नजर आ रहीं हैं। उन्होंने इसके लिए मुख्यमंत्री श्री साय का धन्यवाद ज्ञापित किया कि योजना के तहत उनके पक्के आवास का सपना पूरा हो गया।




# भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर और नपा अध्यक्ष गफ्फू मेमन ने विभिन्न कार्यों का किया शुभारंभ, नए झूले मिलने से बच्चों में दिखा गजब का उत्साह, फीता काटते ही दौड़ पड़े



**गरियाबंद (समय दर्शन)।** मंगलवार को भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर और नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन ने नगर में विभिन्न कार्यों का पूजन कर शुभारंभ किया। उन्होंने न्यू पुलिस लाइन कालोनी, आत्मानंद स्कूल, पुलिस थाना परिसर और नगर के सरस्वती शिशु मंदिर में बच्चों के खेलकूद और मनोरंजन के लिए लगाए गए विभिन्न प्रकार के झूले का शुभारंभ किया। इस दौरान न्यू पुलिस लाइन में पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा भी मौजूद थे। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष में बने न्यू पुलिस लाइन में चबूतरा निर्माण की घोषणा की। वही शिशु मंदिर में पेवर ब्लॉक निर्माण, लैब सहित विभिन्न कार्यों के स्वीकृति की भी जानकारी उन्होंने दी।

इसके पहले भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने कहा कि छात्र जीवन संघर्ष और प्रतियोगिता से परिपूर्ण होता है। उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ ही यहां खेलकूद और मनोरंजन भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि नगर में लगातार विकास कार्यों की सौगात दी जा रही है। बच्चों के मनोरंजन के लिए संसाधन उपलब्ध होने पर उन्होंने सभी बच्चों को बधाई भी दी।

नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन ने कहा कि आज के समय में बच्चे शारीरिक खेलकूद से ज्यादा मोबाइल और वीडियो गेम में समय बिता रहे हैं। बच्चों में शारीरिक और बौद्धिक विकास के लिए उनका खेलकूद रुचि बढ़ाना जरूरी है। ऐसे में मनोरंजन के संसाधन उपलब्ध होने से बच्चों में खेलकूद के प्रति रुझान भी बढ़ेगा और मोबाइल आदि के प्रयोग से हुए दूरी भी बनाएंगे। उन्होंने आश्वासन भी किया कि खेल सामग्री के लिए जो भी सहयोग होगा वह करेंगे। इसके पहले नपा उपाध्यक्ष सुरेंद्र सोनटेके टेक ने कहा कि मनोरंजन के साधन उपलब्ध होने से बच्चों को खेलकूद की सुविधा मिलेगी।

इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष सुरेंद्र सोनटेके, सत्यप्रकाश मानिकपुरी, सागर मयाणी,अजय रोहरा, धनराज विश्वकर्मा, सभपति विष्णु मरकाम, पार्षद प्रतिभा पटेल, विमल साहू, इंजी अश्वनी वर्मा भी उपस्थित थे। इधर जैसे ही अतिथियों ने फीता काटकर झूले का शुभारंभ किया बच्चे उत्साह के साथ झूला झूलने दौड़ पड़े। बच्चों ने एक-एक करके सभी प्रकार के झूले का आनंद लिया और नगर पालिका अध्यक्ष गफ्फार मेमन को उनके इस सहयोग के लिए धन्यवाद भी किया।

# एक शिक्षकीय स्कूल,जिसका शिक्षक सीएसी कार्य करने मजबूत

**गरियाबंद (समय दर्शन)।** राज्य शासन के निर्देश में जिला प्रशासन द्वारा शिक्षा के स्तर को ऊपर उठाने हर संभव प्रयास किया जा रहा,इस योजना के तहत स्कूल जतन कर स्कूलों के प्रति बच्चो में आरक्षण बढ़ाया जा रहा है,ताकि बच्चे मन लगाकर शिक्षा ग्रहण कर सके।वही जिन स्कूलों में पर्याप्त शिक्षक नहीं होने पर वहां के बच्चे अपने परिजनों के साथ मिलकर उस स्कूल में शिक्षक की व्यवस्था करवा रहे है,लेकिन जिन स्कूलों में शिक्षक पर्याप्त है उस स्कूल के शिक्षक को यहां से वहा कर उस स्कूल की व्यवस्था को शिक्षा अधिकारी स्वयं बिगाड़ रहे है,ऐसा ही मामला गरियाबंद ब्लाक के ग्राम सेम्हरढाप स्कूल का है जहां 19 बच्चो के लिए दो शिक्षक तो था लेकिन शिक्षा विभाग द्वारा उस स्कूल के एक शिक्षक को सड़क किनारे के ग्राम नवागढ़ करके व्यवस्था को ही बिगाड़ दिए,जबकि उस स्कूल में जो




एक शिक्षक है वो सीएसी अर्थात शैक्षणिक संकुल समन्वयक भी है,जिसका कार्य कुल 11 स्कूलों का अवलोकन देखभाल और सरकारी डॉक जो शासन के द्वारा आए नियमो को उन 11 स्कूलों के शिक्षकों तक पहुंचना और उन निर्देशों के अनुसार कार्य कराने के साथ अकादमिक कार्यों का संचालन करना होता है।ऐसे स्थिति में सेम्हरढाप स्कूल को एक शिक्षकीय स्कूल क्यों किया गया ये विभागीय अधिकारी ही जाने,जबकि एक शिक्षकीय स्कूल में शैक्षणिक संकुल समन्वयक होते हुए बच्चो की पढ़ाई करवा पाना संभव नहीं था जिसके चलते,उक्त स्कूल में पदस्थ शिक्षक अपने स्कूल के बच्चो की पढ़ाई और सरकारी कार्यों में अपनी व्यस्तता के चलते अपने स्कूल में अपने द्वारा ही पढ़ाए एक बेरोजगार को स्कूलिय अध्यापन कार्य के लिए श्रमदान के रूप में रखा है जिसे शिक्षक द्वारा महीने में कुछ आर्थिक मदद भी किया जाता है।

# निर्माण कार्यो में गुणवत्ता से नहीं की जायेगी समझौता – उप मुख्यमंत्री अरूण साव

**उप मुख्यमंत्री ने योजना के सभी कार्यो को तेजी से पूर्ण करने के दिये निर्देश**

**गरियाबंद (समय दर्शन)।** उपमुख्यमंत्री एवं भारसाधक मंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग अरूण साव ने आज नगर पंचायत फिंगेश्वर क्षेत्र अंतर्गत अमृत मिशन 2.0 के तहत निर्माणाधीन जल प्रदाय योजना का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने सरगी नाला एनीकेट पर जाकर मिशन के निर्माणाधीन इंटेक वेल एवं पाईप लाईन सप्लाई के लिए किये जा रहे कार्यो का जायजा लिया।साथ ही दर्रीपार रोड किनारे में निर्माणाधीन वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण कर निर्माणाधीन पंप हाउस,फिल्टर टैंक, रिजरवायर टैंक आदि का बारीकी से जायजा लिया। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि निर्माण कार्यो में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं की जायेगी।लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अच्छे गुणवत्ता के सामग्रियों का उपयोग किया जाए।साथ ही कार्य की लगातार मॉनिटरिंग भी की जाए।उन्होंने संबंधित फर्म, निकाय के मुख्य नगरपालिका अधिकारी व उपअभियंता को कार्य समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिये। साथ ही पाईप लाईन विस्तार द्वारा नगर पंचायत फिंगेश्वर के लगभग 3 हजार घरों में शुद्ध पेयजल प्रदाय आगामी ग्रीष्म ऋतु तक सुनिश्चित करने को कहा।इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि इंटेक वेल से पानी तीन किमी से अधिक



लम्बाई में पाईप लाईन के माध्यम से फिंगेश्वर शहर तक लाया जायेगा। तत्पश्चात फिंगेश्वर के दर्रीपार में बन रहे जल उपचार संयंत्र में उच्च तकनीक एवं निर्धारित मापदण्डों के अनुसार जल का शुद्धिकरण किया जायेगा। इससे फिंगेश्वर शहर के लोगों को शुद्ध पेयजल घर तक पहुंचाकर दिया जायेगा।इससे बड़ी संख्या में लोग लाभान्वित होंगे।निरीक्षण के दौरान राजिम विधायक रोहित साहू,नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के सचिव बसवराजू एस.कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल, सुडा के सीईओ शशांक पाण्डे,नगरीय प्रशासन विभाग के संयुक्त संचालक लोकेश्वर साहू,अधीक्षण अभियंता रमेश सिंह,अनुविभागीय अधिकारी राजिम विशाल महाराणा, कार्यपालन अभियंता वाय.पी.आजमानी,तहसीलदार अजय कुमार चंद्रवंशी,मुख्य नगरपालिका अधिकारी फिंगेश्वर चंदन मानकर,पीडीएमसी के कर्मचारी एवं निकाय के कर्मचारीगण मौजूद रहे।

12 हजार से अधिक लोगों को लाभान्वित करने बड़ी परियोजना – केन्द्र सरकार की महत्वकांक्षी योजना अमृत मिशन 2.0 के अंतर्गत बन रहे फिंगेश्वर जल प्रदाय योजना की लागत 37.08 करोड़ रूपये है। यह कार्य नगर पंचायत फिंगेश्वर अंतर्गत प्रगतिरत है। यह निर्माण कार्य एड्रोईट एसोसिएट्स प्राईवेट लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है।जिसके पूर्ण होने के उपरांत 5 वर्ष तक संचालन एवं मरम्मत कार्य भी संबंधित फर्म द्वारा किया जायेगा। इस योजना अंतर्गत फिंगेश्वर नगरीय निकाय क्षेत्र में लगभग तीन हजार घरों में 12 हजार से अधिक लोगों को शुद्ध पेयजल प्राप्त होगा। अमृत मिशन 2.0 अंतर्गत जल प्रदाय योजना अंतर्गत 1 इंटेक वेल,3.769 किमी रॉ वॉटर पाईप लाईन,1 वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट, 3.733 किमी क्लीयर वॉटर पाईप लाईन,2 ओवर हेड टैंक निर्माण होना है जो वर्तमान में निर्माणाधीन है। कार्य की भौतिक प्रगति 57.28 प्रतिशत है।


## कार्यालय नगर पालिक निगम, भिलाई (छ.ग.)
## निविदा सूचना

क्रमांक 378 / ज.प्र.वि./न.नि/2024/279 भिलाई दिनांक 31/12/2024

आयुक्त नगर पालिक निगम भिलाई की ओर से निम्नांकित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | कार्य का नाम | निविदा लागत | निविदा आवेदन की अंतिम तिथि | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि | निविदा |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 66 एमएलडी जलशोधन संयंत्र 200 के.व्ही. एच.टी. मोटर संधारण (रिवाइंडिंग) कार्य। | 683000.00 | 21/01/2025 | 24/01/2025 | प्रथम निविदा |

निविदा स्पीड पोस्ट / रजिस्टर्ड डाक से स्वीकार किये जावेगे। उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञाप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी नगर पालिक निगम भिलाई की वेबसाईट www.bhilainagarnigam.com संचालनालय की वेबसाइट www. uad.cg.gov.in से देखी जा सकती है।

घर से निकलने वाले गीले एवं सुखा कचरे को अलग कर सफाई मित्र (रिक्शा) को देवें। अपील :- समस्त शहर वासियों से निवेदन है कि सफाई व गंदगी / कचरा की फोटो खींचकर स्वच्छता एप में मेंजें। प्लास्टिक का उपयोग छोड़ो, पर्यावरण से नाता जोड़ो ।

कार्यपालन अभियंता
जलकार्य
नगर पालिक निगम, भिलाई

## कार्यालय, कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग बेमेतरा
## संक्षिप्त ई-निविदा आमंत्रण सूचना कमांक-13 (द्वितीय बार)

क्रमांक / 428 / व.ले.लि./ ग्रायांसेवा/2024-25 बेमेतरा, दिनांक 10/01/2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली के सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा प्रतिशत दर पर दिनांक 20.01.2025 तक ऑनलाइन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | कार्य का विवरण | ठेके की अनुमानित लागत (लाख रू.में) |
|---|---|---|
| 1 | शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में 04 नग अतिरिक्त कक्ष निर्माण ग्राम भदराली, आंतरिक विद्युतीकरण सहित, | 29.36 |

निविदा की सामान्य शर्तें, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति (परिशिष्ट 2.10) एवं निविदा दस्तावेज (परिशिष्ट 2.13) यथा संशोधित व अन्य जानकारी https://eproc.cgstate.gov.in अथवा कार्यालयीन अवधि में उपस्थित होकर दिनांक 11.01.2025 से देखी / डाउनलोड की जा सकती है।

जी - 242505315/1

(महाजन बांधड़े)
कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग बेमेतरा

## कार्यालय कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, मुंगेली (छत्तीसगढ़)

// ईश्तहार //

क्रमांक
298/वा0/वि0अ0/2025
मुंगेली, दिनांक 09/01/2025

आवेदक श्री गोविद प्रसाद भास्कर आ0 शिवकुमार भास्कर, उम्र-22 वर्ष, जाति-सतनामी, निवासी ग्राम डौकीदह पोस्ट निरजाम तहसील व जिला मुंगेली (छ0ग0)

एवं

श्रीमती कु0 मानशु गुलकरी आ0 स्व. पप्पू गुलकरी उम्र 22 वर्ष, जाति-बाम्हण निवासी ग्राम डौकीदह पोस्ट निरजाम तहसील व जिला मुंगेली (छ0ग0)

एतद् द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1955 की धारा-15 के तहत सूचना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः प्राप्त सूचना प्रकाशन सर्व साधारण के लिए किया जाता है। इस विवाह पर यदि किसी प्रकार का कोई आपत्ति/दावा हो तो दिनांक 24.01.2025 को समय 03:00 बजे मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति/दावा पेश कर सकते है। निर्धारित तिथि पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार करना संभव नहीं होगा।

मुहर

अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, जिला मुंगेली (छत्तीसगढ़)

## न्यायालय तहसीलदार पाटन, जिला दुर्ग छ.ग.

रा.प्र.क्र. 202411100900039
अ-6-अ
वर्ष 2024-25

// ईश्तहार //

एदत द्वारा सर्व साधारण एवं ग्राम अमलेश्वर प.ह.नं. 03 तहसील पाटन, जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदकगण राजेश सोनकर पिता रतिराम सोनकर अन्य 03 निवासी ग्राम अमलेश्वर तहसील पाटन द्वारा ग्राम अमलेश्वर प.ह.नं. 03 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित अपने नाम पर दर्ज भूमि खसरा नंबर 169/3, 169/4 रकबा क्रमशः 0.58, 0.58 हे0 का नक्शा बटाकन किये जाने हेतु आवेदन आधार पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदकगण राजेश सोनकर पिता रतिराम सोनकर अन्य 03 निवासी ग्राम अमलेश्वर तहसील पाटन द्वारा प्रस्तुत आवेदन के आधार पर नक्शा बटांकन किए जाने की कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 20.01.2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 07.01.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार
पाटन,जिला दुर्ग (छ.ग़.)

## न्यायालय तहसीलदार पाटन, जिला दुर्ग छ.ग.

रा.प्र.क्र. 202411100900040
अ-6-अ
वर्ष 2024-25

// ईश्तहार //

एतद द्वारा सर्व साधारण एवं ग्राम अमलेश्वर प.ह.नं. 03 तहसील पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाषित किया जाता है कि आवेदक दिनेश कुमार जैन पिता रतनलाल जैन निवासी अश्वनी नगर रायपुर द्वारा ग्राम अमलेश्वर प.ह.नं. 03 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित अपने नाम दर्ज भूमि खसरा नंबर 1021/6 का रकबा त्रुटिवश 0.01 हे0 दर्ज होने से रकबा 0.05 हे0 दर्ज कर उक्त त्रुटि को सुधार किये जाने आवेदन आधार पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अत्तः आवेदक दिनेश कुमार जैन पिता रतनलाल जैन निवासी अश्वनी नगर रायपुर के द्वारा प्रस्तुत उपरोक्तानुसार रकबा त्रुटि सुधार किये जाने की कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 20.01.2025 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 07.01.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार
पाटन,जिला दुर्ग (छ.ग़.)

## न्यायालय तहसीलदार भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

// ईश्तहार //

रा.प्र.क्र.202309211100164/
अ-55/ वर्ष 2022-23
ग्राम- बोरसी प.ह.नं.42

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मिलूराम आडिल पिता गणेशराम आडिल जाति सतनामी निवासी ग्राम बोरसी तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग. द्वारा छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 222 के तहत ग्राम बोरसी प.ह.नं. 42 तहसील भाटापारा के रिक्त पटेल पद पर नियुक्ति किये जाने हेतु आवेदन पत्र, शपथपत्र बी-1, शैक्षणिक प्रमाणपत्र, निवास प्रमाणपत्र एवं जाति प्रमाणपत्र सहित आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है तथा दिनांक 21/02/25 को सुनवाई हेतु नियत है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना है तो सुनवाई हेतु नियत दिनांक 21/02/25 तक स्वयं या अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से नियत समय व स्थान में दावा/आपनि प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त / दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार आज दिनांक 03.01.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर सहित जारी किया गया ।

मुहर

तहसीलदार
भाटापारा (छ. ग.)

## संक्षिप्त-खबर

### नगरीय निकाय चुनाव को लेकर पाटन में भाजपा संगठन ने चुनावी शंखनाद की शुरुआत कर फूंका चुनावी बिगुल



**पाटन (समय दर्शन)।** प्रदेश भाजपा संगठन द्वारा नगर पंचायत पाटन के चुनाव के लिए भाजपा दुर्ग जिला उपाध्यक्ष दिलीप साहू को चुनाव प्रभारी नियुक्ति किया गया है जिसमें तत्परतापूर्वक दिलीप साहू ने पाटन नगर पंचायत में लगातार बैठक कर वार्डवासियों को पार्षद प्रत्याशी की नाम टटोलने के लिए सबकी रायशुमारी ले रहे है नगर पंचायत पाटन में कुल टोटल 15 वार्ड है जिसमें प्रथम दिन वार्ड क्रमशः 1,2,3,4,5,6,8,10,11 में बैठक कर सम्पन्न किए। इस दौरान दिलीप साहू ने देश में भाजपा की नरेन्द्र मोदी की सरकार और प्रदेश भाजपा की विष्णु सरकार की बात को कही और अब नगरीय निकाय पाटन नगर पंचायत में भी भाजपा की सरकार बनाने की बात कहकर ट्रीपल इंजन की सरकार बनने की वार्डवासियों से आवाह्न किया।निवर्तमान मंडल अध्यक्ष खेमलाल साहू ने भी बैठक को संबोधित किया।इस अवसर पर चुनाव प्रभारी दिलीप साहू, भाजपा पाटन मण्डल अध्यक्ष रानी बंछोर, निवर्तमान मण्डल अध्यक्ष खेमलाल साहू, महामंत्री द्वय अखिलेश मिश्रा,हरिशंकर साहू, नेता प्रतिपक्ष योगेश निक्की भाले, दामोदर चक्रधारी, केशव बंछोर, केवल देवांगन, कुणाल शर्मा,निशा सोनी,नीलकंठ देवांगन,बाबा वर्मा,सागर सोनी,हर्ष भाले,होरीलाल देवांगन, राजा शर्मा,आदित्य सावर्णी,विनोद बाग,वागेश वासाशंकर,रोहित देवांगन,प्रमिला सिन्हा,राधे यादव,नितेश तिवारी,आलोक पाण्डेय,थानसिंह कश्यप,सरजू मरकाम,राज देवांगन,चिरंजीव देवांगन,कमलेश कश्यप,वेदप्रकाश वर्मा,गोपाल कौशिक,डगेश्वर वर्मा,चंद्रप्रकाश देवांगन,सुषमा देवांगन,नेहा वर्मा,सीता देवांगन,रेणुका बिजौरा,विनीता देवांगन,अनिकेत मिश्रा,किरण बंछोर,तारिणी देवांगन,नेहा यादव,मनीषा देवांगन,प्रमोद देवांगन,सागर शर्मा,खगेश देवांगन,रोशन कश्यप सहित कार्यकर्तागण व वार्डवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### मुंगेली जिला में कांग्रेस का कमान घनश्याम वर्मा को मिला, पाटन के लोधी समाज में हर्ष



**पाटन (समय दर्शन)।** लोधी समाज के प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम वर्मा को जिला कांग्रेस कमेटी मुंगेली का अध्यक्ष नियुक्त किया गया हैं। यह नियुक्ति कांग्रेस के महासचिव के सी वेणुगोपाल ने किया हैं। श्री वर्मा को जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर मुंगेली जिला के कांग्रेस कार्यकर्ताओं , नेताओं में काफी हर्ष है। इसके अलावा लोधी समाज के प्रदेश अध्यक्ष को इतनी बड़ी जवाबदारी मिलने पर समाज के लोगो ने भी हर्ष जताया है।

### पटेल समाज ने मनाई शाकंभरी जयंती



**पाटन (समय दर्शन)।** स्थानीय पाटन नगर में माता शाकम्भरी जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम माता की पूजन अचर्ना पंडित प्रकाश शुक्ला के द्वारा पूरे विधि विधान के साथ किया गया। ततपश्चात नगर भ्रमण बड़े ही हर्षोल्लास के साथ नाचते झूमते मनाया।नगर में शोभायात्रा में गाड़ी को हरे शाक सब्जियों के द्वारा बड़े ही आकर्षक ढंग से सजाया गया जो नगर में चर्चा का विषय रहा। द्वितीय पाली में विधायक पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की विशेष आतिथ्य में , व दुर्ग जिला पटेल समाज आत्मा राम जी एवम पटेल समाज पाटन राज की अध्यक्छता में कार्यक्रम सम्पन्न हुवा। भूपेश बघेल ने कहा यह छेरछेरा पर्व को हम शाकम्भरी जयंती के रूप में पूरे छत्तीसगढ़ में पटेल समुदाय के लोग हर्सोल्लास के साथ मनाते है। आगे बघेल जी ने कहा आज के दिन दान देने व लेने का दिन है। आप सभी ने मुझे पहले अपना आशीर्वाद रूपी दान दे दिया है। अब दान देने की बारी में बघेल जी ने छेरछेरा के दान में माँ शाकम्भरी जी की मंदिर बनाने की घोषणा की। इस कार्यक्रम का सफल संचालन विनय पटेल ने किया।

### जनदर्शन में मिले आवेदनों का समय सीमा में करें निराकरण-कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी

**ब्यूरों सैय्यदा मुनीजा हुसैनी धमतरी छत्तीसगढ़।** धमतरी/ जिले के शहरी और ग्रामीण सहित दूरस्थ क्षेत्रों से पहुंचे फरियादियों की समस्या, मांग और शिकायत संबंधी प्रकरणों के निराकरण के लिए कलेक्टोरेट में जनदर्शन का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में आज आयोजित जनदर्शन में कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी के समक्ष लोगों ने अपनी समस्या, शिकायत और मांग संबंधी आवेदन लेकर पहुंचे, जिसे कलेक्टर ने बारी-बारी से प्राप्त किया और संबंधित अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण तरीके से और समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। आज जनदर्शन में कुल 16 आवेदन प्राप्त हुए, इनमें बंटवारा दिलाने, नामांतरण, फौती, नल कनेक्शन प्रदाय करने और प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास दिलाने इत्यादि संबंधी आवेदन शामिल हैं ।

# शंकर अग्रवाल ने कार्यकर्ताओं को आगामी निकाय चुनाव हेतु विशेष टिप्स दिए

■ पिथौरा मे भाजपा कार्यकर्ताओं का लोहड़ी मिलन कार्यक्रम आयोजित



**पिथौरा ( समय दर्शन )।** भारतीय जनता पार्टी पिथौरा मंडल क्षेत्र के सैकड़ो कार्यकर्ताओ की उपस्थिति में लोहड़ी मिलन कार्यक्रम स्थानीय स्थानीय विश्राम गृह में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता शंकर अग्रवाल ने कार्यकर्ताओं को आगामी निकाय चुनाव हेतु विशेष टिप्स दिए।

स्थानीय विश्राम गृह में आयोजित भोज कार्यक्रम के दौरान भाजपा नेता शंकर अग्रवाल ने उपस्थित कार्यकर्ताओ को आव्हान किया कि, सभी राष्ट्र निर्माण कार्य मे जुट जाएं। इसके लिए पार्टी द्वारा आयोजित कार्यक्रमो में अधिकाधिक संख्या में शामिल हों। श्री अग्रवाल ने कार्यकर्ताओ से सीधा संवाद करते हुए बताया कि, आगामी निकाय चुनाव हेतु सभी कार्यकर्ता अभी से जुट जाएं। नगर के चुनाव पार्टी चिन्ह पर आदारित होंगे, इसलिए कार्यकर्ता को यह ध्यान रखना होगा कि, पार्टी टिकिट पर चाहे जो भी लड़े, परन्तु लड़ेगी भाजपा ही,, इसलिए यदि कोई टिकिट से वंचित हो भी जाये तो उसे निराश नही होना है, बल्कि उसे भी तन मन धन से पार्टी को जिताना है। याद रहे राष्ट्र निर्माण के लिए आप जैसे कार्यकर्ताओं का एक जुट होकर चुनाव मैदान मे डटना जरूरी है।

कार्यक्रम के दौरान विकासखण्ड के दूरस्थ ग्रामो से भी सैकड़ो की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता पहुचे थे।भाजपा नेता आशीष शर्मा एवम प्रीतराम सूर्ये ने उपस्थित कार्यकर्ताओ का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मुख्यत:भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रेम शंकर पटेल, नरेश सिंघल , आशीष शर्मा, शशि डडसेना, हरजिंदर सिंह पप्पू ,राजेंद्र खनूजा, प्रीत राम सूर्ये, देव सिंह निषाद, सुरेश बंसल , मनमीत छाबड़ा, विजय नायक, आलोक त्रिपाठी ,विजय पटेल साद राम पटेल, डॉ.नीलकंठ साहू राधेश्याम अग्रवाल , जाम सिंह दीवान, प्यारेलाल नायक , नरेश सिंन्हा,मनोहर साहू, अजय नायक , प्रतीक पटवा , गोविंद चंद्राकर, ओम कुमार चक्रधारी, मोती पटेल, देवचंद साहू, विष्णु साहू सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# पौस पूर्णिमा के दिन तुरतुरिया मेला बाल्मीकि आश्रम के पास जैतखाम में पालो चढ़ाया गया



**बसना ( समय दर्शन )।** बसना,साँकरा ,पिथौरा फुलझर अंचल एवं कौड़िया परिक्षेत्र के संतों महंतों व समाज प्रमुखों के सानिध्य एवं राजमहंत सीआर टण्डन, पी के धृतलहरे, पी एल कोसरिया के गरिमामय उपस्थिति में पौस पूर्णिमा के पावन अवसर पर तुरतुरिया मेला परिसर स्थित जोड़ा जैतखाम मे पालो चढ़ाया गया।

गौरतलब हो कि,वनांचल के ग्राम तुरतुरिया जहां प्रसिद्धि बाल्मिकी आश्रम एवं पहाडों के ऊपर आदि शक्ति माता तुरतुरिया देवी विराजमान है। मान्यता है कि, त्रेता युग में मर्यादा पुरुषोत्तम राम इसी मार्ग से दक्षिण दिशा की ओर आगे बढ़े थे,, जिसे लव कुश का जन्म भूमि भी माना जाता है।

यहाँ माता तुरतुरिया को संतान दात्री की मान्यता है। यहां मन्नत मांगने के साथ,, बलि प्रथा भारी संख्या में प्रचलित था,, जिसे सुधार करने के उद्देश्य से गुरू अगमदास जी के राजमहंत स्व. सुनदरलाल कोसरिया सपोष (पिथोरा) निवासी एवं रामपुर के भकला सतनामी के द्वारा गुरूघासीदास जी के संदेशों का परिपालन करते हुए पशुओं से भी प्रेम करने, सात्विक आहार, नशामुक्त जीवन को प्रचारित करने के उद्देश्य से 1974-75 में बाल्मिकी आश्रम के पास क्षेत्र के सभी समाज सेवी श्रद्धालुओं की भावना का आदर करते हुए जैतखाम स्थापित किया गया था।

जिसका पुनुद्धार करते हुये उनके सुपुत्र राजमहंत पी एल कोसरिया द्वारा अंचल के राजमंतो एवं वरिष्ठ समाज जनों के सहयोग से 2023 से लगातार मेले के दिन विधि विधान से जैतखाम का पूजन अर्चन कर गुरूघासीदास जी के सात अमृत संदेश एवं 42 गुरूवाणियों का वाचन कर श्वेत पालो चढाया जाता है।

इसी कड़ी में दर्शनार्थियों की भारी उपस्थिति में जोडा श्वेतखाम में पालो

चढाया गया। इस दौरान राजमहंत पी एल कोसरिया, सी आर टंडन एवं पी के घृतलहरे, श्रीमती सुलोचनी कोसरिया, अभय घृतलहरे, लखन कुर्रे,तरूवर कोसरिया, संत ऋतुदास, सत्यकुमार जोशी, गुनप्रसाद धृतलहरे , महेन्द्र रात्रे, छगनलाल बनर्जी, खोलबहरा निराला, दौलत बर्मन, घरम सिंग बर्मन,अशोक प्रभाकर, संतलाल निराला, छविलाल कोसरिया, राजा कोसरिया,कुशल रात्रे, भंडारी पुरूषोत्तम, हेमंन्त कोसरिया,छगन बनर्जी ,लता कोसरिया, सुमन कोसरिया, कुसुमलता कोसरिया, सुनीता देवी,नीरा जांगड़े, बाबी कोसरिया, मेघसिंह रात्रे,फिरतू राम, पवन गंगेले,आदि सैकड़ों माताएं बहने एवं श्रद्धालु भक्त वृन्द शामिल रहे।

# स्वतंत्र प्रत्याशी नगर पंचायत चुनाव के मैदान में उतरेंगी अमरीन इल्लू गिगानी

■ अमरीन गिगानी को दो कार्यकाल पार्षद रहने का है राजनीतिक अनुभव



**बसना ( समय दर्शन )।** बसना नगर पंचायत बसना अध्यक्ष पद सामान्य महिला आरक्षण होते ही चुनावी बाजार गर्म हो चुका है। सत्ताधारी भाजपा से अनेक दावेदार सामने आ रहे हैं। विपक्षी दल कांग्रेस से भी नाम सामने आ रहा है वहीं बतौर स्वतंत्र प्रत्याशी अमरीन इल्लू गिगानी का नाम सामने आ रहा है।

इरफान इल्लू गिगानी ने राजनीति में कदम रखते हुए 1994 में पहली बार पंच चुनाव जीतकर पंचायत में पहला सीढ़ी चढ़ा। पश्चात बसना ग्राम पंचायत में सक्रियता से काम किया तथा बसना पंचायत में सरपंच बनने की लालसा रही और सन् 1999 में ग्राम पंचायत में सरपंच पद आरक्षण सूची में महिला आरक्षित हो गया। इरफान गिगानी इल्लू ने अपनी मां फरीदा बाई को चुनावी मैदान में उतारा और चुनाव की बागडोर अपने हाथों में लेकर प्रचण्ड मतों से विजय प्राप्त किया।

गौरतलब है कि उस वक्त तीन पदों पर मां बेटे चुनाव लड़े और विजयी हुए। फरीदा बाई सरपंच चुनाव के साथ साथ पंच चुनाव भी जीती। इरकान गिगानी इल्लू पंच चुनाव भी जीते। फरीदा बाई को सरपंच बनने के बाद पंच पद से इस्तीफा देना पड़ा। पंच के उपचुनाव में इरफान गिगानी इल्लू ने अपनी भाभी सबनम गिगानी को पुन: अपनी माँ द्वारा इस्तीफा दिये वार्ड मे चुनाव लड़ाकर विजय हासिल किया। इस तरह बसना ग्राम पंचायत में पांच वर्षों तक कायम रहे। उस समय इरफान इल्लू कांग्रेस से जुड़े थे। सन् 2003 में बसना ग्राम पंचायत को नगर पंचायत का दर्जा मिला और फरीदा बाई नगर पंचागत बसना की प्रथम अध्यक्ष बनी। इसी दरम्यान इरफान गिगानी इल्लू बसना नगर पंचायत अध्यक्ष की तैयारी में जुट गये और तात्कालीन अजीत जोगी सरकार ने नगरीय निकाय चुनाव को पार्टी चिन्ह करवाने की घोषणा कर दी। 2004 में इरफान इल्लू को कांग्रेस से टिकट नहीं मिला। इरफान इल्लू बागी होकर निर्दलीय चुनाव लड़े, लेकिन कांग्रेस लहर के बावजूद इरफान इल्लू को हार का सामना करना पड़ा। चुनाव हारने के बावजूद भी राजनीति में सक्रिय रहकर आम जनता के साथ खड़े रहे। 2009 के चुनाव में पुन: नगर पंचायत आरक्षण महिला हुआ और इरफान इल्लू ने अपनी माता के लिये कांग्रेस से टिकट मांग की, लेकिन राजनीतिक गुटबाजी से टिकट नहीं मिला और जनता की अपेक्षाओं के बावजूद इरफान इल्लू को नगर अध्यक्ष पद को लेकर शांत होना पड़ा ।

# अष्टप्रहरी हरिनाम संकीर्तन कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल



**बसना ( समय दर्शन )।** बसना क्षेत्रांर्गत के ग्राम गिधली में मां माहेश्वरी दक्षिण काली शक्तिपीठ के तत्वावधान में मकर संक्रांति पर्व के उपलक्ष्य में आयोजित अष्टप्रहरी हरिनाम संकीर्तन कार्यक्रम में विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल शामिल हुए।

इस दौरान सर्वप्रथम उन्होंने मां काली की पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया, तत्पश्चात कार्यक्रम स्थल पहुंचकर श्री राधा कृष्णा जी की पूजा अर्चना कर क्षेत्र की समृद्धि और खुशहाली की कामना करते सभी को मकर संक्रांति पर्व की शुभकामनाएं दिए।

उन्होंने मकर संक्रांति पर्व के महत्व को बताते हुए कहा कि, इस दिन दान करने से अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है। साथ ही जीवन में सुख- समृद्धि का वास बना रहता है। साथ ही इस दिन जो व्यक्ति भगवान सूर्य की अराधना करता है उसे मान-सम्मान और प्रतिष्ठा की प्राप्ति होती है। साथ ही उसे आरोग्यता की प्राप्ति होती है।यह सूर्य के मकर राशि में प्रवेश करने के साथ ही आशा और नई शुरुआत का प्रतीक है। यह एक नए कृषि चक्र की शुरुआत और सर्दियों के अंत का भी प्रतीक है। इस शुभ दिन पर, लोग आने वाले वर्ष में धन-संपत्ति को गले लगाते हैं और भरपूर फसल के लिए प्रकृति का आभार व्यक्त करते हैं और भविष्य की समृद्धि के लिए प्रार्थना करने का अवसर है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, मकर संक्रांति के दिन ही गंगा नदी का अवतरण पृथ्वी पर हुआ था और भगीरथ उन्हें धरती पर लाए थे। इसी वजह से मकर संक्रांति के दिन गंगा स्नान करना शुभ माना जाता है। ज्योतिष के अनुसार, मकर संक्रांति को शनि देव और उनके पिता सूर्य की मुलाकात के रूप में भी मनाया जाता है। इस दिन लोग गंगा सहित अन्य पवित्र नदियों में स्नान करते हैं,सूर्य देव को जल अर्पित करने के बाद गुड़, तिल, खिचड़ी, गरम कपड़े आदि का दान करते हैं।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से महाराज श्री रामकृष्ण दास वैष्णव, श्री जितेन्द्र दास वैष्णव, नगर पंचायत बसना उपाध्यक्ष सुमित अग्रवाल, विधायक कार्यालय प्रभारी प्रकाश सिन्हा, विधायक प्रतिनिधि अरविंद मिश्रा, पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष संजय भोई, शोभित मांझी सहित बड़ी संख्या क्षेत्रवासी मौजूद थे।

**मकर मिलन समारोह में शामिल हुए** - ग्राम चिर्राझरन में पर्यावरण प्रकृति संरक्षण समिति द्वारा आयोजित मकर मिलन समारोह में विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल शामिल हुए तथा सभी मकर संक्रांति पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं दिए। उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि सूर्यापासना का यह मंगल पर्व समस्त जन के जीवन को सुख समृद्धि और सम्पन्नता से संपुरित करें,यही कामना है।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से बाबा कलपदास, बाबा रामानंद दास, वरिष्ठ भाजपा नेता कैलाश अग्रवाल, विधायक कार्यालय प्रभारी प्रकाश सिन्हा,विधायक प्रतिनिधि सोनू छाबड़ा, किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष मथामणी बढाई,अशोक हरिवंश, राकेश जैन, लक्ष्मी वर्मा, मिनिकेतन दास, रामशरण साहू, संतोष पारेश्वर, खेमू अग्रवाल, ईश्वर साहू, सुशील प्रधान, विजय पटेल, हेमंत ठाकुर, नीरज प्रधान, मुरली यदुराज, अजय सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ली कांग्रेसियों की बैठक



**पाटन ( समय दर्शन )।** नगर पंचायत चुनाव में के संदर्भ में कांग्रेस कार्यकर्ता बैठक आहूत की गई, जिसमें प्रमुख रूप से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शामिल हुए। इस बैठक में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के लिए दिशा निर्देश जारी किया। बैठक में प्रमुख रूप से जिलाध्यक्ष निर्मल कोसरे,आशीष वर्मा , महेन्द्र वर्मा , भूपेन्द्र कश्यप, जवाहर वर्मा , सोहन बघेल , कमलेश मिश्रा , हेमंत देवांगन , लक्ष्मी पटेल,तरूण बिजौर, नीरज सोनी, गोपाल देवांगन, दिनेश शर्मा, मनीष देवांगन, सरजू साहू, बीरेंद्र वर्मा, केदार कश्यप, आभाष दुबे, लीलाधर वर्मा, प्रशांत शुक्ला, आदित्य तिवारी,धनेश्वर वर्मा, मनोज वर्मा, सुशील चक्रधारी सहित अन्य मौजूद रहे।

# स्व बी एस भाटिया स्मृति अंतरराज्यीय फुटबॉल प्रतियोगिता में विजेता बनी सुलौनी (सारंगढ़) की टीम

■ विधायक चातुरी नंद ने विजेता, उपविजेता टीम समेत उत्कृष्ट खिलाड़ियों को किया पुरस्कृत




**शंकर लहरे/ सरायपाली( समय दर्शन )।** नगर के हाई स्कूल मैदान में छत्तीसगढ़ चौहान सेना द्वारा आयोजित स्व बी एस भाटिया स्मृति अंतरराज्यीय फुटबॉल प्रतियोगिता में ब्लू डायमंड सुलौनी (सारंगढ़) की टीम ने खिताब पर कब्जा किया। रोमांचक मैच में ब्लू डायमंड की टीम ने ट्राई ब्रेकर से शरधापाली उड़ीसा को करारी शिकस्त दिया। इसी तरह महिला टीम में जे आर दानी की टीम ने विजय हासिल की। वहीं डी एफ सी रायपुर उपविजेता रही। क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद ने विजेता ब्लू डायमंड की टीम को 21 हजार रुपए नगद राशि और ट्राफी तथा उप विजेता शरधापाली उड़ीसा को 15 हजार रूपये नगद राशि व ट्रॉफी प्रदान किया। इसी तरह महिला वर्ग में विजेता टीम जे आर दानी को 15 हजार रुपए नगद राशि व ट्रॉफी तथा उपविजेता डी एफसी रायपुर को 7 हजार रूपये नगद राशि व ट्रॉफी विधायक नंद ने प्रदान किया।

पुरुष वर्ग में मेन ऑफद सीरीज सरधापाली टीम से राहुल , मेन ऑफद मैच ब्लू डायमंड टीम के पंकज, बेस्ट गोल कीपर ब्लू डायमंड टीम के पिंटू, बेस्ट डिफेंडर युवराज, बेस्ट फॉरवर्ड सरधापाली टीम के रोशन को पुरस्कृत किया गया।

इसी तरह महिला वर्ग में मेन ऑफद सीरीज यशिका देवांगन व तोशील यादव, बेस्ट गोल कीपर विद्या पाटनवार, बेस्ट डिफेंडर कुंती को पुरस्कृत किया गया।

पुरस्कार वितरण के दौरान आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक चातुरी नंद ने कहा कि चौहान सेना द्वारा आयोजित स्वर्गीय बी एस भाटिया स्मृति अंतरराज्यीय फुटबॉल प्रतियोगिता अब सरायपाली की एक नई पहचान बन रही है। इस प्रतियोगिता में ना केवल छत्तीसगढ़ बल्कि अन्य प्रदेश के खिलाड़ी भी भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बना रहे है। सरायपाली का सौभाग्य रहा है कि इस प्रतियोगिता में सात समुंदर पार के विदेशी खिलाड़ी भी भाग लिए और अपने हुनर का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में नाइजीरिया के खिलाड़ियों ने अभनपुर की टीम की ओर से खेलते हुए इस प्रतियोगिता में रौनक ही बिखेर दी।

छत्तीसगढ़ चौहान सेना की प्रदेश अध्यक्ष होने के नाते उन्होंने नपा परिषद सरायपाली, पुलिस प्रशासन, वरिष्ठ खिलाड़ियों समेत प्रतियोगिता को सफल बनाने वाले समस्त खिलाड़ियों और खेल प्रेमियों का आभार व्यक्त किया।

समापन अवसर पर प्रतियोगिता में विशेष योगदान देने वाले वरिष्ठ खिलाड़ी आर एस साहू, शेख समसुद्दीन, नईम भैया, वरिष्ठ पीटी डॉ शुभ्रा डड़सेना, पार्षद विकास सिंह, नरेश साहू, निर्मल भोई, मुकेश भोई, बबलू बेदी (कौवा सरदार), घुरउ चौहान, दुष्यंत साहू को शाल से सम्मानित किया।

प्रतियोगिता को सफल बनाने में छत्तीसगढ़ चौहान सेना के कार्यकारी अध्यक्ष उदय लाल चौहान, ब्लाक अध्यक्ष कैलाश तांडी, सतीश चौहान, हेमचंद्र हंसा, ओम चौहान, विभिषण चौहान, दयाराम चौहान, आमोस जॉन, निखिल चौहान, तौशीब, शाहिद अली का विशेष योगदान रहा।

स्वामित्वधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक रोहित खड़तकर द्वारा समय दर्शन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स ग्राम छाटा, पोस्ट देवादा, तहसील पाटन, जिला दुर्ग ( छ.ग. ) 491111 से मुद्रित कर बी-4, प्रेस काम्प्लेक्स, इंदिरा मार्केट, दुर्ग छ.ग. 491001 से प्रकाशित। संपादक :- रोहित खड़तकर, समाचार संपादक : दामोदर राव, फोन नं.-0788-4051213, मो. 9827104452, रायपुर कार्यालय:-0771-4218364, ईमेल - samay.darshan191@gmail.com पं. क्र. CHHHIN/2011/41517 डाक पंजीयन क्रमांक छ.ग./दुर्ग/61/2024-26